तापमान

अधिकतम 41.5 डिग्री

न्यूनतम 28.4 डिग्री

हरिभूमि

बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 12 जून 2026

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया

सड़कों पर बेतरतीबी से खड़े किए जा रहे ई-रिक्शे।

मरवाही क्षेत्र में विचरण करते हाथी।

कन्या छात्रावास की बाउंड्रीवाल तोड़कर अंदर किया प्रवेश

एमपी से मरवाही पहुंचे हाथियों के दल को भाए मरवाही के कटहल और आम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मध्यप्रदेश के अनूपपुर क्षेत्र की ओर से मरवाही वन मंडल में पहुंचे हाथियों के दल को कटहल और आम काफी भा रहा है, जिसे खाने के लिए हाथियों के दल ने पहले कन्या छात्रावास की मजबूत बाउंड्रीवाल की दीवार को तोड़ने के बाद सीधे उद्यान में प्रवेश कर लिया। हाथियों के दल को देखने के बाद ग्रामीण भी काफी दहशत में हैं, जिसे अलर्ट और गांव में मुनादी करने का कार्य वन विभाग और स्थानीय पुलिस की टीम कर रही है।

पिछले तीन-चार दिनों से हाथियों का दल मरवाही पेण्ड्रा वन मंडल क्षेत्र में विचरण कर रहा है। हाथियों का दल मध्यप्रदेश के अनूपपुर क्षेत्र से मरवाही क्षेत्र में पहुंचा है। गुरुवार की सुबह हाथियों के दल ने गांव के क्षेत्र में प्रवेश किया, जहां एक साथ तीन चार हाथियों को देखकर ग्रामीण दहशत में आकर अपने-अपने घरों के अंदर छिप गए।

■ दहशत में ग्रामीण, वन विभाग कर रहा मुनादी, पुलिस भी सक्रिय

हाथियों ने किसी भी ग्रामीण और उनके आवास को नुकसान नहीं पहुंचाया। इसके बाद हाथियों का दल कस्तूरबा गांधी कन्या छात्रावास के पास पहुंचा, जहां छात्रावास के बाद शासकीय उद्यान में कटहल और आम के पेड़ लगे हुए थे। इसे खाने के लिए हाथियों के दल ने छात्रावास और उद्यान के चारों ओर बने मजबूत दीवार को तोड़ दिया। वर्तमान में हाथी कटहल और आम खाने में मस्त हैं और अब तक किसी तरह का नुकसान हाथियों ने नहीं किया है। मरवाही क्षेत्र के रेंजर मुकेश साहू ने बताया कि घुसरिया जंगल माड़ाकोट में हाथियों का दल रहता है, जहां आराम करने के बाद वह धान की फसल खाने के लिए गुना की ओर आ जाते हैं। अभी कटहल और आम उन्हें काफी भा रहा है। यहां से निकलने के बाद हाथियों का दल वापस माड़ाकोट के जंगल में चला जाता है।

उन्होंने बताया कि हाथियों के दल ने अब तक किसी तरह का नुकसान तो नहीं पहुंचाया, लेकिन उद्यान के बाउंड्रीवाल को तोड़ दिया है। हाथियों से किसी को कोई नुकसान न हो, इसके लिए स्थानीय पुलिस के सहयोग से वन विभाग की टीम लगातार मुनादी कराने के साथ ग्रामीण को भी अलर्ट कर लगातार निगरानी कर रही है।

परेशानी

33 केवी लाइन में ट्रीपिंग, घंटों बिजली की चली आंखमिचौली

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कूलर और एसी के मनमाने उपयोग के चलते अब बड़ी लाइन में भी ट्रिपिंग शुरू हो चुकी है। गुरूवार को 33 केवी लाइन में आई ट्रिपिंग के कारण शहर के कई इलाकों में दोपहर को बिजली बंद रही, इस दौरान कई जगहों पर एक ही घंटें में 8 बार बिजली आती व जाती रही, जिसके चलते उपभोक्ताओं को खासी परेशानी हो रही है।

बिजली विभाग के अनुसार दोपहर 12 से 4 व रात में 10 से 2 बजे के बीच सबसे ज्याद बिजली उपभोग बढ़ चुका है, इसी समय में ट्रांसफार्मर और लाइनें जवाब दे रही है। गुरूवार को मन्नू चौक, टिकरापारा में बिजली बंद रही, इस दौरान मधुबन से आने वाली 33 केवी लाइन में ट्रिपिंग हो गई, जिसके चलते गर्मी से बेहाल होना पड़ा, वहीं शनिचरी सबस्टेशन के अंतर्गत निकलने वाली लाइनों में दोपहर के 4 बजे तक 8 से 10 बार ट्रिपिंग होती रही, इस दौरान फीडर बंद हो गए और शनिचरी, सदर बाजार, सिविल लाइन,बृहस्पति बाजार के आसपास के बिजली सप्लाई ठप रही, इस दौरान लोगों को घरों के उपकरण खराब होने का अंदेशा महसूस होने लगा, हालांकि शाम के बाद बिजली सप्लाई नार्मल हो गई।

लो वोल्टेज की समस्या से परेशानी

दरअसल टिकरापारा, करबला रोड, मंगला, मसानगंज, फजल बाड़ा, कतियापारा, चांटीडीह जैसे क्षेत्रों में रोजाना लो वोल्टेज की शिकायत मिल रही है, ट्रांसफार्मर के डियो खराब होने के कारण कई बार लोगों के घरों में सिंगल फेस की समस्या हो रही है, जिसे बनाने में फ्यूज कॉल की टीम को घंटों लग रहे हैं।

राहत

उमस और गर्मी का टॉर्चर रात में झमाझम बारिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गुरुवार को दिन में उमस और गर्मी का टॉर्चर अपने चरम पर रहा, सुबह से ही धरती गर्म होती रही और आसमान में बादल छाने के कारण के कारण उमस बढ़ने लगी, लेकिन रात में शहर और आसपास के इलाके में अचानक झमाझम बारिश शुरू हो गई। देर रात तक हुई बारिश से पूरा इलाका तरबतर हो गया।

प्रदेश में आने की अनुकूल परिस्थितियां बनने लगी हैं, लेकिन इसके बावजूद तेज धूप और गर्मी से लोगों का हाल बेहाल हो रहा है। मौसम विभाग ने अगले दिनों के लिए राज्य में तेज हवाओं व बिजली गिरने चेतावनी जारी की है। अनुमान है कि 5 से 7 दिनों के भीतर दक्षिण-पश्चिम मानसून के छत्तीसगढ़ के हिस्सों में आगे बढ़ सकता है। वर्तमान में मौसमी द्रोणिका पंजाब से लेकर पश्चिम बंगाल तक फैली हुई है, जबकि उत्तर प्रदेश के ऊपर एक चक्रवाती परिसंचरण सक्रिय है। इसी प्रभाव के चलते छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश होते हुए विदर्भ तक एक अन्य द्रोणिका बनी हुई है, जिससे मौसम में बड़ा बदलाव होने के संकेत मिल रहे हैं। गुरुवार की रात इस द्रोणिका ने अपना प्रभाव दिखाया, रात 10 बजे के बाद शहर और आसपास के इलाके में एकाएक झमाझम बारिश शुरू हो गई। कुछ देर की बारिश से सड़कों पर पानी भर गया। बारिश होने से रात में लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिली।

तापमान में नहीं आ रही है कमी

तेज धूप निकलने के साथ ही लू के थपेड़े भी चल रहे है। इस दौरान अधिकतम तापमान में कोई कमी नहीं आ रही है, पिछले 5 दिनों से तापमान 41 से 43 डिग्री के बीच बना हुआ है। ऐसे में लोगों का घर से बाहर निकलना मुश्किल हो रहा है। इस दौरान स्कीन एलर्जी और आंख में जलन के साथ ही फीवर की शिकायत लेकर डाक्टरों के पास पहुंच रहे हैं।

विपणन विभाग का दावा, प्रदेश में सबसे कम शार्टेज बिलासपुर में

संग्रहण केंद्रों में इस साल भी 4 सौ क्विंटल धान की शॉर्टेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिले के चार धान संग्रहण केंद्रों में इस साल भी शार्टेज का मामला सामने आया है। विपणन विभाग का कहना है कि बिलासपुर जिले में इस साल केवल 4 सौ क्विंटल धान का शार्टेज पाया गया है, जो कि प्रदेश के सभी जिलों में सबसे कम है। ज्ञात हो कि इस साल जिले के संग्रहण केंद्रों के लिए बलौदा बाजार जिले से धान का उठाव किया गया था।

जिले में बीते वर्ष भारी मात्रा में हुए धान शॉर्टेज का मामला अभी ठंडा भी नहीं हो पाया है और इस साल फिर से संग्रहण केंद्रों में धान का शॉर्टेज हो गया। विपणन विभाग की मानें तो चारों संग्रहण केंद्रों को मिलाकर केवल चार सौ क्विंटल धान का ही शॉर्टेज पाया गया है, जो कि पूरे प्रदेश के सभी जिलों में पाए गए शॉर्टेज की तुलना में सबसे कम है। हालांकि संग्रहण केंद्रों व धान खरीदी केंद्रों में शॉर्टेज की मात्रा में आई कमी के पीछे शासन द्वारा कड़ा रूख अपनाया जाना भी हो सकता है। बीते वर्ष प्रदेश के अधिकांश जिलों में धान शॉर्टेज के मामले न केवल बड़ी संख्या में, बल्कि बड़ी मात्रा में सामने आए थे।

बलौदा बाजार जिले से आया था संग्रहण केंद्रों में धान

52 हजार क्विंटल धान आया, उठाव पूरा

जिले के संग्रहण केंद्रों के लिए इस साल बलौदा बाजार के धान खरीदी केंद्रों से धान का उठाव किया गया था। इसके अंतर्गत यहां कुल 52 हजार क्विंटल धान लाया गया था। विपणन विभाग के अनुसार संग्रहण केंद्रों में लाए गए धान का शत प्रतिशत उठाव किया जा चुका है। मौके पर अब केंद्रों में धान उपलब्ध नहीं है।

सबसे कम शार्टज है

इस साल संग्रहण केंद्रों में चार सौ क्विंटल धान की शॉर्टेज पाई गई है। यह मात्रा पूरे स्टेट में सबसे कम है। जिले के संग्रहण केंद्रों के लिए इस साल बलौदा बाजार जिले के धान खरीदी केंद्रों से कुल 52 हजार क्विंटल धान का उठाव किया गया था। पूरा धान अब यहां के संग्रहण केंद्रों से भी उठाया जा चुका है।

-उपेंद्र कुमार
डीएमओ

पिछले साल 8 करोड़ के धान शार्टेज पर कोई कार्रवाई नहीं

जिले में बीते वर्ष चारों संग्रहण केंद्रों को मिलाकर करीब 8 करोड़ रूपए के धान का शार्टेज पाया गया था। शार्टेज पाए जाने के बाद सभी संग्रहण केंद्र प्रभारियों को नोटिस जारी कर जवाब मांगते हुए सभी के जवाब दोषियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए शासन को भेज दिए गए हैं। जबकि आज कई महीने बीत जाने के बाद भी दोषियों के खिलाफ किसी भी तरह की कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

खबर संक्षेप

परीक्षा फार्म भरने एयू आज के लिए ओपन करेगा पोर्टल

बिलासपुर। अटल यूनिवर्सिटी ने एनईपी एवं अन्य सभी कक्षाओं के सम-सेमेस्टर फार्म भराए जाने की तिथि में वृद्धि की थी, किन्तु अपरिहार्य कारणों से जो छात्र-छात्राएं परीक्षा फार्म भरने से वंचित रह गए हैं उनके लिए छात्रहित को ध्यान में रखते हुए परीक्षा आवेदन की पोर्टल को 12 जून को एक दिन के लिए पुनः खोला जाएगा। कालेजों को निर्देशित किया गया है कि छात्र-छात्राओं द्वारा भरे गए आनलाइन परीक्षा आवेदनों की सूची पोर्टल से डाउनलोड कर सूची के क्रम में आनलाइन शुल्क की भुगतान की रसीद एवं सभी आवश्यक दस्तावेजों की छायाप्रति विधिवत अग्रेषित करते हुए यथाशीघ्र यूनिवर्सिटी के परीक्षा विभाग में जमा कराए। पंजीयन संस्था में करा सकते हैं।

आईटीआई कोनी में कैंपस प्लेसमेंट आज, 200 अभ्यर्थियों का होगा चयन

बिलासपुर। जिले के तकनीकी रूप से प्रशिक्षित युवाओं के लिए रोजगार का उत्कृष्ट अवसर उपलब्ध हुआ है। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आईटीआई कोनी में 12 जून को सुबह 10 बजे से कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जाएगा। इस प्लेसमेंट अभियान में मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड के गुजरात प्लांट हेतु लगभग 200 योग्य अभ्यर्थियों का चयन होगा। चयनित अभ्यर्थियों को लगभग 28 हजार 300 रुपए प्रतिमाह का आकर्षक सीटीसी पैकेज प्रदान किया जाएगा। यह भर्ती औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों से मैकेनिक मोटर व्हीकल, डीजल मैकेनिक, ट्रैक्टर मैकेनिक, मशीनिस्ट, इलेक्ट्रीशियन, फिटर, टर्नर, वेल्डर, पेंटर, वायरमैन, शीट मेटल, ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक, टूल एंड डाई तथा पीपीओ व्यवसाय में प्रशिक्षण प्राप्त अभ्यर्थियों के लिए आयोजित की जा रही है।

आचार्य विनयकांत त्रिपाठी का शहर आगमन 21 को

बिलासपुर। श्रीधाम वृंदावनवासी, मानस मर्मज्ञ, प्रख्यात भजन गायक व कथाकार आदरणीय आचार्य विनयकांत जी महाराज का विश्व योग दिवस के पावन अवसर पर 21 जून को हमसफर एक्सप्रेस से बिलासपुर आगमन हो रहा हैं। उसलापुर रेलवे स्टेशन पर मंढोलीवाल परिवार एवं बिलासपुर के श्रद्धालुओं द्वारा उनका आत्मीय स्वागत किया जाएगा।

आईटीआई कोनी में अप्रेंटिसशिप पीएम इंटर्नशिप जागरूकता कार्यक्रम

बिलासपुर। आदर्श औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कोनी में बीते दिनों अप्रेंटसशिप और प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना को लेकर एक दिवसीय विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य संस्थान के तकनीकी छात्रों को भविष्य में रोजगार और कौशल विकास के नए अवसरों के प्रति जागरूक करना था। संस्था के प्राचार्य नवीन कुमार साहू ने प्रशिक्षणार्थियों से कहा कि अप्रेंटिसशिप महज एक सामान्य ट्रेनिंग नहीं है बल्कि यह अपने हुनर को तराशने का एक बेहतरीन मौका है।रोजगार के साथ-साथ कार्यक्षेत्र का व्यावहारिक अनुभव है। अप्रेंटिसशिप प्रभारी विक्रम प्रताप सिंह ने प्रशिक्षुओं को तकनीकी बारीकियों की जानकारी दी। उन्होंने नेशनल अप्रेंटिसशिप प्रमोशन स्कीम के पोर्टल पर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करने की पूरी प्रक्रिया को विस्तार से समझाया और ट्रेनिंग के दौरान मिलने वाले लाभों से अवगत कराया। जागरूकता सत्र को सफल बनाने में सस्था के वरिष्ठ अधीक्षक डीके.तिवारी , एस. एस. पराये,आशीष श्रीवास और अनुराग तिवारी ने महत्तवपूर्ण भूमिका निभाई है ।

दिव्यांग छात्रों के लिए निशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण 15 जून से

बिलासपुर। ड्रीम एजुकेशन वेलफेयर सोसाइटी द्वारा दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए एक सप्ताह का निशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण अभियान आगामी 15 जून से 20 जून 2026 तक चलेगा। इस प्रशिक्षण का मूल उद्देश्य दिव्यांग छात्रों को डिजिटल साक्षरता प्रदान कर आत्मनिर्भर बनाना एवं रोजगारोन्मुखी कौशल प्रदान करना और उन्हें आधुनिक तकनीक से जोड़ना है। शिविर के दौरान विद्यार्थियों को कंप्यूटर की उपयोगिता,माइक्रोसाफ्ट की मूलभूत जानकारी और इंटरनेट का व्यवहारिक ज्ञान दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण पूर्णतः निशुल्क है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम इन्द्रजीत कामप्लेक्स पुराना हाईकोर्ट रोड़ फास्टटेक एजुकेशन एकेडमी में संचालित होगा। इच्छुक विद्यार्थी अपना पंजीयन संस्था में करा सकते हैं।

वर्षा ऋतु और संभावित बाढ़ से निपटने नगर निगम ने बनाया कंट्रोल रूम

बिलासपुर। आगामी वर्षा ऋतु को देखते हुए नगर निगम ने जलभराव, जल निकासी एवं संभावित बाढ़ जैसी परिस्थितियों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए विशेष तैयारियां शुरू कर दी हैं। निगम आयुक्त के निर्देश पर विकास भवन में बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है, जो वर्षा काल के दौरान चौबीसों घंटे कार्य करेगा। जारी आदेश के अनुसार नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान एवं आपातकालीन परिस्थितियों में समन्वित कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए कंट्रोल रूम का संचालन किया जाएगा। इसके लिए अधिकारियों एवं कर्मचारियों की अलग-अलग पालियों में ड्यूटी लगाई गई है।

बरौनी, सारनाथ सहित 12 ट्रेनों में 16 से 30 तक उपलब्ध हैं बर्थ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

उत्तरभारत की ओर सफर करने वाले यात्रियों के लिए रेल प्रशासन ने एक अच्छी सूचना दी है, जिसके तहत बरौनी, सारनाथ सहित करीब 12 ऐसी ट्रेनें हैं, जिनमें 16 से 30 जून के बीच यात्रियों को कंफर्म बर्थ की सुविधा मिल सकती है। इसके लिए रेल प्रशासन ने ट्रेनों की सूची भी जारी कर दी है।

रेलवे के अनुसार अवकाश, पर्यटन, तीर्थाटन एवं पारिवारिक भ्रमण की बढ़ती मांग को ध्यान में रखते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की विभिन्न ट्रेनों में उत्तर एवं दक्षिण भारत के अनेक प्रमुख गंतव्यों के लिए आगामी तिथियों में कंफर्म बर्थ उपलब्ध हैं। यात्री समय रहते आरक्षण कर इन सुविधाओं का लाभ उठाते हुए अपनी यात्रा को सुविधाजनक, सुरक्षित एवं आरामदायक बना सकते हैं। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से संचालित यह ट्रेनें यात्रियों को प्रयागराज, वाराणसी, अयोध्या, चित्रकूट धाम, लखनऊ, बेंगलुरु, तिरुपति, चेन्नई, एर्नाकुलम कोच्चि, तिरुवनंतपुरम तथा तिरुनेलवेली जैसे प्रमुख धार्मिक, सांस्कृतिक एवं पर्यटन स्थलों तक सहज एवं सुविधाजनक रेल संपर्क प्रदान करती हैं। ऐसे में ग्रीष्मकालीन अवकाश, पारिवारिक यात्राओं, तीर्थाटन अथवा मित्रों एवं रिश्तेदारों से मिलने की योजना बना रहे यात्रियों के लिए यह एक सुनहरा अवसर है। रेलवे से जारी सूची के अनुसार उत्तर भारत के प्रमुख गंतव्यों हेतु के लिए 15232 गोंदिया–बरौनी एक्सप्रेस में 13 जून से, 15160 सारनाथ एक्सप्रेस में 16 जून से, 18201 दुर्ग–नौतनवा एक्सप्रेस प्रयागराज एवं वाराणसी मार्ग में 19 जून से, 18205 दुर्ग–नौतनवा एक्सप्रेस अयोध्या मार्ग में 19 जून से, 18203 दुर्ग–कानपुर एक्सप्रेस चित्रकूट धाम मार्ग से 16 जून से, 12536 रायपुर–लखनऊ गरीब रथ एक्सप्रेस चित्रकूट धाम मार्ग में 23 जून से,

दक्षिण भारत के प्रमुख गंतव्यों हेतु उपलब्ध कन्फर्म बर्थ 08261 बिलासपुर–येलहंका बेंगलुरु स्पेशल एक्सप्रेस काचीगुडा मार्ग से प्रत्येक बुधवार को 17 जून से, 17481 बिलासपुर–तिरुपति एक्सप्रेस रायपुर एवं विशाखापट्टनम मार्ग में 30 जून से, 12851 बिलासपुर–चेन्नई एक्सप्रेस में 21 जून से, 22815 बिलासपुर–एर्नाकुलम एक्सप्रेस 22 जून से, 22619 बिलासपुर–तिरुनेलवेली एक्सप्रेस 23 जून से, 22647 बिलासपुर–तिरुवनंतपुरम सेंट्रल टीवीसी एक्सप्रेस में 24 जून से मिल सकती है।

कांवरियों के लिए स्पेशल ट्रेन का संचालन करेगी रेलवे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सावन मास में बाबा धाम में जाने वाले कांवरियों की सुविधा के लिए स्पेशल ट्रेन चलाने का प्रपोजल बनाकर भेजा जाएगा। इसकी हरी झंडी मिलने के बाद ट्रेन का संचालन रेलवे की ओर से शुरु करने से हजारों की संख्या में कांवरियों को सुविधा मिल सकेगी।

एक माह बाद सावन मास की शुरुआत हो रही है। सावन मास में देवघर बाबा बैद्यनाथ धाम सहित अन्य शिवालयो में कांवर लेकर जाने वाले कांवरियों की ट्रेन में काफी भीड़ रहती है। कांवरियों को कई बार ट्रेन में जगह नहीं मिलने के कारण कांवर को रखने में भी परेशानी उठानी पड़ती है। एसईसीआर जोन से बाबा धाम के लिए दो ट्रेनें बिलासपुर से पटना और दुर्ग से रायपुर, भाटापारा, बिलासपुर होकर आरा जंक्शन तक जाने वाली साउथ बिहार एक्सप्रेस है। इन दोनों ट्रेनों के जनरल कोच से लेकर स्लीपर और एसी कोच में यात्रियों की भीड़ अधिक होने से कंफर्म बर्थ मिलना भी मुश्किल हो जाता है। इसके कारण कांवर लेकर जाने वाले यात्री दो माह पहले से बुकिंग करना शुरु कर देते हैं। जुलाई के अंतिम सप्ताह से सावन मास की शुरुआत हो रही है, लेकिन बाबा धाम जाने वाले यात्री अभी से बैद्यनाथ धाम जाना शुरु कर चुके हैं। इन कांवरियों का जत्था प्रतिदिन बिलासपुर सहित आसपास के क्षेत्रों से निकल रहा है, जिन्हें तत्काल में भी कंफर्म बर्थ नहीं मिल पा रही है। कांवरियों ने रेल प्रशासन से स्पेशल ट्रेन चलाने मांग की है। इन यात्रियों की परेशानियों को देखते हुए रेलवे की ओर से स्पेशल ट्रेन चलाने की योजना बनाई जा रही है, ताकि उन्हें किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। बिलासपुर रेल मंडल से बनाए जाने वाले स्पेशल ट्रेन का प्रपोजल पहले जोन मुख्यालय और मुख्यालय से रेलवे बोर्ड भेजा जाएगा। रेलवे बोर्ड से हरी झंडी मिलने के बाद स्पेशल ट्रेन चलाने की तिथि और नोटिफिकेशन जारी होगा। रेलवे के अनुसार स्पेशल ट्रेन का संचालन दुर्ग या फिर इतवारी व गोंदिया से हो सकता है, जिससे जोन के सभी यात्रियों को सुविधा मिल सकेगी।

भेजा जाएगा प्रपोजल<B>

बैद्यनाथ धाम के लिए स्पेशल ट्रेन चलाने की योजना बन रही है, जिसका प्रपोजल बनाकर भेजा जाएगा। यह पहले मुख्यालय जाने के बाद रेलवे बोर्ड के पास जाएगा, जहां से अनुमति मिलने के बाद ही ट्रेन का परिचालन होगा।

-अनुराग कुमार सिंह, सीनियर डीसीएम, रेल मंडल बिलासपुर

सड़क पर दुकान, फुटपाथ पर पार्किंग, गोलबाजार में रेंग रहा ट्रैफिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर के प्रमुख व्यापारिक केन्द्र गोलबाजार और सदर बाजार अतिक्रमण और बेतरतीब पार्किंग के कारण बेहाल है।

सिम्स चौक से लेकर गोलबाजार और सदर बाजार में दुकानदारों ने अपनी दुकानें फुटपाथ पर फैला रखी हैं, जिससे शाम को वहां से पैदल चलने की जगह नहीं मिलती है। चारपहिया वाहनो के घुसने से स्थिति और खराब हो जाती है,बची कसर सड़क पर खड़े ठेले पूरी कर देते हैं। प्रशासन की तमाम चेतावनियों और यातायात पुलिस की कार्रवाई के बाद भी दुकानदार फुटपाथ पर दुकान लगाने से बाज नहीं आते हैं।

नियम को ताक पर रखते है ई-रिक्शा चालक

वाल्मीकि चौक पर ट्रैफिक पुलिस ने बैरियर लगाकर जाम की स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया है, परन्तु ई-रिक्शा चालक नियमों को ठेंगा दिखाकर साइड से ई-रिक्शा घुसाकर मनमर्जी करते नजर आते हैं। बाजार के बीचोंबीच रिक्शा घुसाकर जाम के हालात बनाते हैं।

फेल हो गईं सभी व्यवस्थाएं

भीड को नियंत्रित करने के लिए वन वे पार्किंग सिस्टम बनाया गया है, लेकिन वे भी शाम होते ही असफल हो जाता है। लाल बहादुर शास्त्री उच्चतर शासकीय विद्यालय में पार्किंग की व्यवस्था की गई है, सिटी कोतवाली में मल्टीलेवल पार्किंग भी बनाई गई है, लेकिन वह भी कारगर साबित नहीं हो रहा है। निगम ने उसे पार्किंग जोन घोषित किया है, परन्तु सिम्स चौक से लेकर वाल्मिकी चौक तक ट्रैफिक के सारे नियम असफल नजर आते हैं।

एटीसी कैंप

सीएमडी के एनसीसी कैडेट की टीम ओवरऑल चैम्पियन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय कोनी में आयोजित दस दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर एटीसी में सीएम दुबे स्नातकोत्तर महाविद्यालय के राष्ट्रीय कैडेट कोर कैडेटों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विभिन्न 16 कालेजों ने भाग लिया, जिसमें सीएम दुबे स्नातकोत्तर महाविद्यालय ने पांच प्रथम पुरस्कार मोमेंटो, 8 गोल्ड मेडल प्राप्त की प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया।

शिविर में बिलासपुर संभाग के विभिन्न महाविद्यालयों एवं विद्यालयों के सैकड़ों कैडेटों ने भाग लिया। कैडेटों को सैन्य प्रशिक्षण, व्यक्तित्व विकास, नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, आपदा प्रबंधन, सामाजिक जागरूकता तथा राष्ट्र निर्माण से संबंधित विविध गतिविधियों का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। ड्रिल प्रतियोगिता, सांस्कृतिक कार्यक्रम, समूह नृत्य, भाषण प्रतियोगिता, खेलकूद रसा कसी प्रतियोगिता, वॉलीबॉल,स्वच्छता अभियान, तंबू सज्जा, पोस्टर निर्माण, वाद-विवाद प्रतियोगिता तथा सामूहिक गतिविधियों में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। सांस्कृतिक संध्या में कैडेटों की ओर से प्रस्तुत लोक संस्कृति पर आधारित कार्यक्रमों ने सभी अधिकारियों एवं अतिथियों का मन मोह लिया। वहीं खेलकूद प्रतियोगिताओं में भी कैडेटों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। ड्रिल प्रतियोगिता आरडी परेड सीनियर अंडर ऑफिसर हर्ष ने उनकी एकरूपता, अनुशासन एवं कमांड पर पकड़ की सभी ने सराहना की। समापन समारोह में कमान अधिकारी कर्नल लोकेश देवा ने कहा कि एनसीसी केवल एक संगठन नहीं, बल्कि युवाओं को अनुशासन, नेतृत्व, राष्ट्रभक्ति एवं सेवा भावना की शिक्षा देने वाला एक सशक्त मंच है।

समापन पर उपस्थित अधिकारियों, एएनओ कैप्टन एसपी श्रीवास, कैप्टन आशीष शर्मा, लेफ्टिनेंट नीति जोहार, लेफ्टिनेंट हेमंत सिंह ठाकुर, लेफ्टिनेंट विपिन अग्रहरि लेफ्टिनेंट वैभव अवस्थी, लेफ्टिनेंट रोहित लहरे, 7 सीजी बटालियन लेफ्टिनेंट दिबेश कुमार, लेफ्टिनेंट बृजमोहन, सूबेदार लाल सिंह, हवलदार गणेश नागरे, सीएचएम मनोज, ड्रिल इंस्पेक्टर दलीप, पीआई स्टाफ एवं कैडेटों ने विजेता प्रतिभागियों का अभिनंदन किया।

महाविद्यालय के शासी निकाय के अध्यक्ष डॉ.संजय दुबे ने कहा कि एनसीसी युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व, सेवा भावना एवं राष्ट्रभक्ति का विकास करता है। कैडेटों की यह सफलता निरंतर परिश्रम, समर्पण एवं प्रशिक्षण का परिणाम है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय सिंह, उप प्राचार्य डॉ.के.के शुक्ला, प्राध्यापकगण, एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट रोहित लहरे, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओं ने विजेता कैडेटों हर्ष, अंश सोनवानी, लकी चंद्रा, अलवीरा नाज, मुस्कान तिवारी, पलक, रुनझुन, संदीप, आदि का स्वागत किया गया।

निगम कमिश्नर ने अधूरे पीएम आवासों का किया निरीक्षण

बिलासपुर। नगर निगम कमिश्नर प्रकाश सर्वे ने गुरुवार को देवरीखुर्द क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के बीएलसी घटक के अधूरे आवासों का निरीक्षण किया और हितग्राहियों से सीधे संवाद कर आवास निर्माण की जानकारी ली। निगम कमिश्नर ने ऐसे हितग्राहियों से मुलाकात की, जिन्होंने अब तक अपने आवास निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया है या जिनके आवास निर्माणाधीन है।

प्रधानमंत्री आवास योजना शासन की महत्वाकांक्षी योजना है, जिसका उद्देश्य प्रत्येक पात्र परिवार को अपना पक्का घर उपलब्ध कराना है। निगम कमिश्नर ने आवास हितग्राहियों से कहा कि वे शासन

आवास निर्माण जल्द पूरा करने पर जोर

से प्राप्त सहायता राशि का सदुपयोग करते हुए शीघ्र ही आवास निर्माण कार्य प्रारंभ करें तथा जिनके आवास निर्माणाधीन हैं वे निर्धारित समय-सीमा में निर्माण कार्य पूर्ण करें। उन्होंने हितग्राहियों की समस्याओं और आवश्यकताओं की भी जानकारी ली और उन्हें योजना के लाभों के बारे में विस्तार से बताते हुए निर्माण कार्य में तेजी लाने कहा। समय पर आवास निर्माण पूर्ण होने से हितग्राहियों को अपने स्वयं के सुरक्षित और सुविधायुक्त घर का लाभ मिल सकेगा तथा योजना के उद्देश्यों की भी पूर्ति होगी। नगर निगम द्वारा पीएम आवास योजना अंतर्गत स्वीकृत आवासों के समयबद्ध निर्माण एवं हितग्राहियों को योजना का पूर्ण लाभ दिलाने के लिए जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

बारिश पूर्व नाला सफाई के निर्देश

निगम कमिश्नर प्रकाश सर्वे ने सुबह रेलवे, कासिमपारा और देवरीखुर्द क्षेत्र का दौरा कर सफाई कार्य का जायजा लिया। इस दौरान निगम अधिकारियों को नाला-नालियों की सफाई युद्धस्तर पर करने के निर्देश देते हुए बारिश के पूर्व सभी नालों की सफाई पूरा करने को कहा है। खासकर बारिश में जाम होने वाले नालों की सफाई कर लगातार मानिटरिंग करने के निर्देश दिए हैं।

कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय शास्त्रीय संगीत, वादन एवं नृत्य की सैद्धांतिक प्रशिक्षण देना

सीवी रमन विश्वविद्यालय में सात दिवसीय गायन, वादन एवं नृत्य कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

डॉ.सीवी रमन विश्वविद्यालय के ललित कला विभाग के तत्वावधान में 3 से 11 जून तक आयोजित सात दिवसीय गायन, वादन एवं नृत्य कार्यशाला का समापन हुआ। कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय शास्त्रीय संगीत, वादन एवं नृत्य की विविध विधाओं का व्यावहारिक एवं सैद्धांतिक प्रशिक्षण प्रदान करना था। कार्यशाला में विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और कला की विभिन्न विधाओं का प्रशिक्षण प्राप्त किया।

कथक नृत्य के लिए महासमुंद के प्रसिद्ध कलाकार गुरु तेज राम पटेल, तबला वादन के लिए गुरु प्रणाम ननोती तथा गायन के लिए खैरागढ़ के

संगीतज्ञ गुरु पुष्पराज देवांगन ने विद्यार्थियों को प्रशिक्षण दिया। सात दिनों तक चले इस प्रशिक्षण शिविर में विद्यार्थियों ने लय, ताल, स्वर, भाव, मंच प्रस्तुति तथा अभिव्यक्ति की बारीकियों को सीखा। प्रशिक्षकों ने विद्यार्थियों को भारतीय सांस्कृतिक परंपराओं और शास्त्रीय कलाओं के महत्व की भी जानकारी दी। समापन समारोह में विद्यार्थियों ने गायन, तबला वादन एवं कत्थक नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। उनकी प्रस्तुतियों ने उपस्थित अतिथियों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का भरपूर मनोरंजन किया। समापन समारोह में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. प्रदीप कुमार घोष एवं कुलसचिव डॉ. अरविंद कुमार तिवारी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कुलपति प्रो.घोष ने कहा कि कला शिक्षा विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास, रचनात्मकता एवं सांस्कृतिक चेतना को समृद्ध करती है। कुलसचिव डॉ.तिवारी ने कहा कि भारतीय संगीत एवं नृत्य हमारी सांस्कृतिक धरोहर हैं, जिनके संरक्षण एवं संवर्धन में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है।

गुरु तेज राम पटेल ने विद्यार्थियों की लगन और सीखने की उत्सुकता की सराहना करते हुए कहा कि भाव, लय और अभिव्यक्ति का अद्भुत संगम है। गुरु प्रणव ननोती ने संगीत में ताल के महत्व पर प्रकाश डाला, जबकि गुरु पुष्पराज देवांगन ने नियमित रियाज और समर्पण को सफलता की कुंजी बताया। कार्यक्रम का समन्वय ललित कला विभाग की कविता गंगबोइर ने किया। इस अवसर पर कैलाश मानिकपुरी, अंजनी सराफ, सुनीला पटेल और सृष्टि सिंह सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी और कला प्रेमी उपस्थित थे। समापन अवसर पर प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

खबर संक्षेप

केशर ने राष्ट्रीय शिविर में किया प्रदेश का प्रतिनिधित्व

मल्हार। हरियाणा राज्य के हिसार में आयोजित राष्ट्रीय एकता शिविर में केशर कैवर्त ने छत्तीसगढ़ का गौरवपूर्ण प्रतिनिधित्व किया। शिविर में 12 राज्यों से चयनित प्रतिभागियों के बीच छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करते हुए बद्री प्रसाद देवांगन मध्यनगरीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मल्हार के छात्र केशर कैवर्त ने राष्ट्रीय एकता शिविर में अपने राज्य की समृद्ध संस्कृति, परंपरा और लोक जीवन का सुंदर परिचय प्रस्तुत किया। अपने उद्बोधन में केशर ने बताया कि छत्तीसगढ़ अपनी सरलता, सांस्कृतिक विविधता और लोक परंपराओं के लिए पूरे देश में विशेष पहचान रखता है।

तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ ने मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

मुंगेली। छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के प्रांतीय आह्वान पर 6 सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम से सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख अधिकारी एसएल मतवारे मुंगेली को ज्ञापन सौंपा गया। इस मौके पर संघ के जिला अध्यक्ष बिन्दु भास्कर, दिनेश गुप्ता, केपी घिंडोरे, एचडी डहरिया, नरोत्तम यादव, पुरषोत्तम पांडेय, पीएल दिवाकर, जेपी साहू, जिला सचिव केके वर्मा, जवाहर डड़सेना, प्रभात तिवारी, अरविंद पान्डेय, आनंद शर्मा, जितेन्द्र घृतलहरे, भूपेन्द्र घृतलहरे, राजकमल गेंदले, अश्विनी बंजारे, लक्ष्मीकांत जंडेजा, भुवन डिडोरे, वैभव सोनकर, नितिन शुक्ला, विकास बानी, संतीष टंडन, ओमप्रकाश राठौर, धर्मेन्द्र निर्मलकर, विनय कुमार साधू आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

मोदी के नेतृत्व के 12 वर्ष पूर्ण होने पर पौधरोपण

पेण्ड्रा। भारतीय जनता पार्टी मंडल पेण्ड्रा नगर द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भय हरण हनुमान मंदिर, पेण्ड्रा में विशेष पूजा-अर्चना, महाआरती एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संयोजन भाजपा नेता शरद गुप्ता के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष उपेन्द्र बहादुर सिंह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष राकेश चतुर्वेदी, मनीष श्रीवास, प्रवीण राय, अजय राय, रितेश फरमानिया, मंडल अध्यक्ष रमेश तिवारी, मंडल महामंत्री कंचन सिंह, देवशरण राठौर, निर्माण जायसवाल, पुष्पलता तिवारी, रेणु काछी, सिया बाई, रिया काछी, आदित्य पांडे, हीरा जैन, राम बहादुर, हरेंद्र सिंह, आनंद साहू, कमलेश चौधरी, कमलेश राठौर, विमल मिश्र, महेश मिश्रा, कुलदीप शुक्ला, अविनाश पंजाबी, सौरभ अग्रवाल, दिलीप साहू सहित बड़ी संख्या मंक भाजपा कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

सीएचसी के ड्रेसर राजेश को दी गई विदाई

रतनपुर। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लंबे समय तक अपनी सेवा देने वाले ड्रेसर ग्रेड-1 राजेश जायसवाल के सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राजेश जायसवाल का सम्मान किया गया। डा.विजय चंदेल ने कहा कि राजेश जायसवाल ने हमेशा मुस्कुराते हुए अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन किया। वहीं विजेंद्र दुबे ने कहा कि कई गंभीर मामलों में उनकी मेहनत और सेवा से मरीजों को लाभ मिला। सूर्यप्रकाश जायसवाल ने उनके अनुशासन, समर्पण और ईमानदार कार्यशैली की सराहना की। राजेश जायसवाल ने सभी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मरीजों की सेवा करना उनके जीवन का सबसे बड़ा सौभाग्य रहा। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक अनिल शर्मा ने एवं आभार प्रदर्शन विजेंद्र दुबे ने किया। इस अवसर पर अमर सिंह यादव, रमा शंकर गुप्ता, आनंद नगरकर रवि राजपूत, सीताराम पटेल, सिब्बू तिवारी, महेंद्र कश्यप, चंद्र कुमार जायसवाल, संतोष कुर्रे, शिव कुमार नागर्ची, गोविंद प्रधान, मो. उस्मान, सुरेश जायसवाल, अधिवक्ता विकल्प दुबे, संकल्प दुबे, स्वप्निल अग्रवाल, सूर्यकांत रजक, प्रवीण प्रजापति, सुधांशु दुबे सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

कलेक्टर ने अफसरों को दिए 15 दिनों तक क्षेत्र भ्रमण के निर्देश

जनता से संपर्क का मजबूत माध्यम बनेगा गांव-शहर चलो अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

कलेक्टर ने जिले में गांव-शहर चलो अभियान की पहल करते हुए सभी विभागीय अधिकारियों को आगामी 15 दिनों तक क्षेत्र भ्रमण कर जमीनी स्तर पर समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि सुशासन तिहार के बाद यह अभियान प्रशासन और जनता के बीच सतत संवाद एवं प्रभावी संपर्क का मजबूत माध्यम बनेगा। इससे छूटे हुए पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाने प्रयास किया जाएगा। अभियान का उद्देश्य केवल निरीक्षण करना नहीं, बल्कि मौके पर समस्याओं की पहचान कर उनका त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है।

कलेक्टर ने कहा कि प्रशासन जनता के द्वार तक पहुंचकर उनकी आवश्यकताओं और समस्याओं को समझ रहा है, जिससे शासन की योजनाओं का लाभ अधिक प्रभावी ढंग से लोगों तक पहुंच सकेगा। अभियान के अंतर्गत पशुपालन विभाग, कृषि विभाग, खाद्य विभाग, सहकारिता विभाग तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों ने विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया। पशुपालन विभाग के अधिकारियों ने अचानकमार टाइगर रिजर्व के कोर एरिया अंतर्गत ग्राम सुरही, महामाई, डगनिया तथा उनके आश्रित पारा डोगरीपारा, नदियापारा और तालाबपारा में ग्रामीणों एवं पशुपालकों को पशुओं में होने वाली मौसमी बीमारियों, टीकाकरण एवं विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही ग्रामीणों को सभी पशुओं का समय पर टीकाकरण कराने की सलाह दी गई। अभियान अंतर्गत कृषि विभाग के उपसंचालक ने खाद वितरण केंद्रों एवं निजी उर्वरक विक्रय केंद्रों का निरीक्षण कर किसानों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि किसानों को सुगमता से खाद उपलब्ध कराने के लिए पानी, टेंट एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं, जिससे किसानों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ रहा है।

गांवों का भ्रमण कर जानकारी लेते अधिकारी।

उचित मूल्य दुकानों का निरीक्षण

खाद्य अधिकारी एवं डीएम नॉन के द्वारा अचानकमार क्षेत्र के पहुंचविहीन ग्रामों छपरवा, महामाई में संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि इन दुकानों में सितंबर माह तक का खाद्यान्न भंडारण उपलब्ध है तथा निर्धारित समयानुसार वितरण भी किया जा रहा है। इससे दूरस्थ क्षेत्रों के ग्रामीणों को खाद्यान्न की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित हो रही है। इसी तरह सीसीबी नोडल अधिकारी द्वारा शिवपुर स्थित खाद गोदाम का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय गोदाम में कार्यरत हमालों एवं कर्मचारियों ने पेयजल समस्या से अवगत कराया। अधिकारियों ने खराब हैंडपंप की जानकारी प्राप्त कर उसके शीघ्र सुधार के लिए संबंधित विभाग को आवश्यक निर्देश दिए, ताकि श्रमिकों एवं कर्मचारियों को स्वच्छ पेयजल की सुविधा उपलब्ध हो सके।

श्रीकृष्ण की मूर्ति के आगमन पर उमड़े श्रद्धालु

कार्यक्रम में उपस्थित सामाजिकजन एवं जनप्रतिनिधि।

मुंगेली। श्रीकृष्ण चौक की स्थापना के लिए प्रस्तावित कार्यक्रम अनुसार भगवान श्री कृष्ण की मूर्ति का पदार्पण मुंगेली नगर में हुआ। इस अवसर पर उत्साहित एवं उल्लासित बड़े पैमाने पर यादव समाज सहित विभिन्न समाज के भक्त मौजूद रहे।

यादव समाज के सभी प्रमुख यादवजन नेहरू चौक नया बस स्टैंड मुंगेली में इकट्ठा हुए। जहां उपस्थित यादवों के साथ विधायक पुन्नूलाल मोहले सहित श्रीराम सीरिया यादव, प्रकाश यादव तहसीलदार, रामशरण यादव, नरेश यादव, रामकुमार यादव, उर्मिला यादव, महेश यादव, रमेश यादव, संजय यादव, धनीराम यादव, सूरज यादव, संतोष कुमार यादव, अशोक यादव, संजू यादव, विजय यादव सहित जयप्रकाश मिश्रा उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद, राकेश साहू, सौरभ बाजपेई, शिवकुमार बंजारा, वैभव ताम्रकार, स्वतंत्र मिश्रा इत्यादि उपस्थित रहे। जिन्होंने यादव समाज के साथ श्री कृष्ण जी का पूजन अर्चन किया। इससे पूर्व मार्ग में ही हरि गुड्डू यादव, जलेश्वर यादव के परिवार की समस्त महिलाएं एवं अन्य भक्तों के द्वारा विधिवत आरती पूजन किया गया। इसी प्रकार महाराणा प्रताप चौक में ठाकुर जी के आगमन पर ठाकुर समाज के द्वारा भगवान श्री कृष्ण का पूजन अर्चन कर उनका अभिनंदन लोकनाथ सिंह, होरी सिंह, लखन सिंह, पद्मराज सिंह, उमाकान्त सिंह, विपिन सिंह, प्रदीप सिंह, धनराज सिंह, चित्रकान्त सिंह, मानस सिंह बैस, राधाचरण सिंह, सत्तू सिंह की उपस्थिति में किया गया।

कंपोजिट बिल्डिंग के संबंध में जानकारी लेते कलेक्टर।

निर्माणाधीन कंपोजिट बिल्डिंग का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ पेंड्रा

निर्माणाधीन कंपोजिट बिल्डिंग का कलेक्टर डॉ. संतोष कुमार देवांगन ने निरीक्षण कर प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने निर्माण एजेंसी को निर्देशित किया कि भवन का निर्माण गुणवत्ता के साथ जुलाई माह के पहले सप्ताह तक पूरा कर लें। कलेक्टर ने कहा कि कंपोजिट बिल्डिंग के शुरू होने से विभिन्न विभागों के कार्यालय एक ही परिसर में संचालित होगा तथा विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित होगा।

आम नागरिकों को अलग-अलग कार्यालयों का चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे और उन्हें सुविधाजनक वातावरण में एक ही भवन में सेवाएं मिल सकेंगी। कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण श्रीमती नित्या ठाकुर ने निरीक्षण के दौरान भवन निर्माण की वर्तमान स्थिति और शेष रह गए कार्यों की जानकारी दी। कलेक्टर ने भवन निर्माण से संबंधित अधिकारियों को कार्य की गुणवत्ता बनाए रखने और शेष लंबित कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण कराने कहा। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर दिलेराम डाहिरे, डिप्टी कलेक्टर आकांक्षा पांडेय एवं निकिता मरकाम सहित संबंधित अधिकारी और इंजीनियर उपस्थित थे।

■ गुणवत्ता के साथ जुलाई के प्रथम सप्ताह तक पूर्ण करने के निर्देश

पात्र हितग्राहियों को निःशुल्क चिकित्सा उपलब्ध कराने पर जोर

मुंगेली। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शीला साहा ने आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना की समीक्षा बैठक ली। बैठक में जिले में क्लेम यूटिलाइजेशन बढ़ाने तथा पात्र हितग्राहियों को योजना का अधिकतम लाभ सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की गई।

समीक्षा बैठक में सीएमएचओ एवं डीपीएम।

सीएमएचओ कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में जिला कार्यक्रम प्रबंधक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन डॉ. गिरीश कुर्रे ने अस्पतालवार आयुष्मान कार्ड उपयोग एवं क्लेम यूटिलाइजेशन की वर्तमान स्थिति की समीक्षा प्रस्तुत की। समीक्षा के दौरान योजना के प्रभावी क्रियान्वयन और अधिकाधिक हितग्राहियों तक निःशुल्क उपचार की सुविधा पहुंचाने पर विशेष जोर दिया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. साहा ने सभी विकासखंड चिकित्सा अधिकारियों एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि उपचार हेतु आने वाले प्रत्येक पात्र मरीज का आयुष्मान कार्ड बनवाकर एवं सत्यापित कर शत-प्रतिशत उपचार आयुष्मान कार्ड के माध्यम से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों के लिए संजीवनी साबित हो रही है, इसलिए कोई भी पात्र हितग्राही योजना के लाभ से वंचित नहीं रहना चाहिए। बैठक में मितानिनों के माध्यम से गांव-गांव में व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने तथा पात्र परिवारों को आयुष्मान कार्ड के उपयोग के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए गए। गर्भवती महिलाओं की संस्थागत प्रसूति, डॉग बाइट, एनिमल बाइट, ड्रेसिंग एवं अन्य डे-केयर पैकेजों के अंतर्गत पात्र मरीजों को अधिकतम लाभ दिलाने तथा संबंधित क्लेम समय पर प्रस्तुत करने पर भी विशेष बल दिया गया। डॉ. साहा ने कहा कि जिले के पंजीकृत निजी अस्पतालों में उपलब्ध आयुष्मान उपचार सुविधाओं की जानकारी भी आमजन तक पहुंचाई जाए, ताकि जरूरत पड़ने पर हितग्राही समय पर निःशुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण उपचार प्राप्त कर सकें। उन्होंने अस्पतालों में भर्ती होने वाले सभी पात्र मरीजों की नियमित स्क्रीनिंग कर उन्हें योजना से जोड़ने के निर्देश दिए।

भागवतकथा में उपस्थित जनप्रतिनिधि।

व्यक्ति के जीवन को नई दिशा देती है भागवत कथा

मुंगेली। नगर के मंगल भवन में नगर पालिका अध्यक्ष रोहित शुक्ला द्वारा अपनी माता स्व. श्रीमती निर्मला शुक्ला की पुण्य स्मृति में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा एवं 11 जून से तीन दिवसीय महा दरबार श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक वातावरण के बीच निरंतर संपन्न हो रहा है। 7 जून से प्रारंभ हुए इस धार्मिक आयोजन के चौथे दिन प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू एवं कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव विशेष रूप से शामिल हुए और कथावाचक पंडित वीरेंद्र शास्त्री से आशीर्वाद प्राप्त कर कथा श्रवण किया।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष रोहित शुक्ला, उनकी धर्मपत्नी निशा शुक्ला, पिता छोटेलाल शुक्ला एवं परिवार के अन्य सदस्यों ने अतिथियों का स्वागत किया। पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि "श्रीमद्भागवत कथा केवल धार्मिक आयोजन नहीं बल्कि समाज को सत्य, सेवा, संस्कार और मानवता का संदेश देने वाली दिव्य धारा है। इस अवसर पर बेमेतरा कांग्रेस जिला अध्यक्ष आशीष छाबड़ा, मुंगेली कांग्रेस जिला अध्यक्ष घनश्याम वर्मा, आत्मासिंह क्षत्रिय, थानेश्वर साहू, संजीत बनर्जी, हेमेंद्र गोस्वामी, दीपक गुप्ता, सूरज यादव, अरविंद वैष्णव, जित्तू श्रीवास्तव, धीरज पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

जिपं सभापति ने किया बोर खनन का भूमिपूजन

बोर खनन के लिए भूमिपूजन करतीं अंबिका साहू।

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

ग्राम पंचायत मेड़पार छोटा के ग्राम डीघोरा एवं ग्राम पंचायत खजूरी में जिला पंचायत सभापति अंबिका विनोद साहू के द्वारा बोर खनन का भूमिपूजन कर कार्य आरंभ कराया गया। जिला पंचायत सभापति श्रीमती साहू ने कहा कि क्षेत्र में जल संकट को देखते हुए बोर खनन कराया जा रहा है जिससे क्षेत्र में हो रहे जल संकट से लोगों को मुक्ति मिलेगी। किसी भी परिवार को एक वक्त का खाना नहीं मिलेगा तो चल जाएगा पर पानी के बिना कुछ भी संभव नहीं है। क्षेत्र के लोगों के द्वारा निरंतर मांग की जा रही थी। लोगों की मांग को देखते हुए बोर खनन कराया जा रहा है। एक जनप्रतिनिधि का प्रथम कर्तव्य भी होता है कि वह शासन की योजनाओं का लाभ दिलाए, हितग्राहियों के हितों की रक्षा करे और कम से कम मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति करें। इस अवसर पर ग्राम क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, ग्राम समूह की महिलाएं एवं ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

प्रस्तावित एथेनाल प्लांट का विरोध कर रहे ग्रामीणों को ले गई पुलिस

सेतगंगा/मुंगेली। प्रस्तावित एथेनाल प्लांट को लेकर विवाद बढ़ते जा रहा है। प्लांट निर्माण के समय विरोध प्रदर्शन करने वाले महिला पुरूषों को पुलिस बस में बिठाकर मुंगेली थाना ले गई, जहां देर रात तक उन्हे छोड़ दिया गया। मेसर्स आरएसएल डी बायोफ्यूल्य प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा 600 केएलपीडी रेक्टीफाइड स्पिरिट ६ एक्स्ट्रा न्यूट्रल अल्कोहल/एथेनॉल के साथ-साथ 12 मेगावाट सह-उपादन विद्युत संयंत्र के लिए ग्राम पंचायत सिल्ली के आश्रित ग्राम कैथनवागांव में प्रस्तावित है। प्लांट निर्माण को लेकर शुरू से ही स्थानीय जनप्रतिनिधियो और ग्रामीणो के द्वारा विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। जिला कलेक्टर, राज्यपाल और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के पास शिकायत दर्ज की जा चुकी है। ग्रामीणों का कहना है कि दण्डाधिकारी, एसडीएम और तहसीलदार के आश्वासन के बाद भी प्लांट प्रबंधन के द्वारा 9 जून को लगभग 1 बजे निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया गया। इसी वजह से फिर स्थानीय जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया। उक्त विरोध प्रदर्शन को मद्देनजर देखते हुये पुलिस प्रशासन ने करीब 25-30 आंदोलनकारियो को (महिला-पुरूष) को बस मे बिठाकर पुलिस थाना मुंगेली ले गई। जहां भारी गहमा-गहमी के बीच कुछ घंटों के बाद देर रात तक प्रदर्शनकारियों को छोड़ दिया गया।

मांग से भी अधिक हो गई बीज की उपलब्धता

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

बीज निगम द्वारा 19 हजार 734 क्विंटल बीज उपलब्ध कराया गया है। इससे जिले में बीज की उपलब्धता मांग से भी अधिक हो गई है। जिले की सभी 66 सेवा सहकारी समितियों में 15 हजार 630 क्विंटल बीज का भंडारण किया जा चुका है।

उप संचालक कृषि वीणा ठाकुर ने बताया कि खरीफ फसल के लिए 17 हजार 955 क्विंटल बीज की मांग की गई थी, खरीफ सीजन 2026 की तैयारियों के तहत जिले में किसानों को समय पर गुणवत्तायुक्त बीज उपलब्ध कराने के लिए व्यापक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। उपलब्ध बीजों में धान, अरहर, मूंग, मूंगफली एवं ढेंचा

जैसी प्रमुख फसलों के बीज शामिल हैं। कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं तथा प्रक्रिया केंद्रों के माध्यम से भी किसानों को बीजों का वितरण लगातार किया जा रहा है। समितियों में अतिरिक्त मांग आने पर बीज निगम द्वारा तत्काल बीज उपलब्ध कराया जा रहा है। साथ ही प्रक्रिया केंद्रों से भी नगद वितरण की सुविधा दी जा रही है। जिले में वर्तमान स्थिति में बीज की किसी भी प्रकार की कमी नहीं है और किसानों को आवश्यकतानुसार पर्याप्त मात्रा में बीज उपलब्ध कराया जा रहा है। बीज प्रबंधक टीआर सोनकर ने बताया कि कृषकों को आत्मनिर्भर बनाने और गुणवत्तायुक्त बीज उत्पादन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बीज उत्पादन प्रोत्साहन योजना संचालित की जा रही है। योजना के तहत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं महिला कृषकों का 01 से 5 हेक्टेयर तक निःशुल्क पंजीयन किया जा रहा है। पात्र किसान इस योजना के माध्यम से 930 रुपये से 3,275 रुपये तक का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। इच्छुक किसान कृषि विभाग अथवा बीज प्रक्रिया केंद्र में संपर्क कर निःशुल्क पंजीयन कराते हुए योजना का लाभ ले सकते हैं।

थानेदार की पिटाई से क्षुब्ध दो युवकों ने टंकी पर चढ़कर किया आत्महत्या का प्रयास

कोरबा। दो युवकों को पकड़कर थानेदार ने जमकर पिटाई करने का आरोप लगाया है और दोनों युवक गांव की पानी टंकी में चढ़कर पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जमकर हंगामा भी किया है। दोनों युवक पेट्रोल छिड़ककर आत्महत्या का प्रयास भी कर रहे थे। जब इसकी सूचना प्रशासन व पुलिस को मिली तो आला अधिकारियों की टीम मौके पर पहुंचे और पानी टंकी में चढ़कर आत्महत्या करने का प्रयास कर रहे दोनों युवकों को किसी तरह समझा बुझाकर नीचे उतारा गया। पुलिस ने फिलहाल मामले की प्रारंभिक जांच शुरू कर दी है। जांच के बाद ही मामला पूरी तरह से स्पष्ट हो पाएगा। हरदीबाजार थाना अंतर्गत ग्राम नेवसा निवासी रफीक मोहम्मद एवं दीपेश निर्मलकर ने थाना प्रभारी प्रमोद कुमार डडसेना के ऊपर आरोप लगाया है कि मंगलवार को ग्राम सिरली के पास उन्हें बेवजह पकड़ कर थाना ले जाया गया और जुआ खेलाते हो ऐसा कहते हुए उनके साथ लाठी डंडा एवं बेल्ट से बेहरमी से मारपीट की गई। दोनों युवकों ने आरोप लगाया है कि मारपीट करने के बाद उनका डाक्टरी परीक्षण के लिए दीपका अस्पताल ले जाकर भागते हुए गिर गए हैं का जबरन झूठा बयान लिया गया है साथ ही यह भी आरोप लगाया जा रहा है कि उनसे 23,500 रुपए नगद भी लिया गया है।

खबर संक्षेप

भवन निर्माण का काम कर रहे युवक से मारपीट

तखतपुर। भवन निर्माण का काम कर रहे युवक के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट करने वाले के खिलाफ पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में ले लिया है। पुलिस के अनुसार जूनापारा चौकी अंतर्गत ग्राम बेलसरा निवासी प्रदीप पठारे अपने फूफा रामबिहारी करमाकर की जमीन पर भवन निर्माण का कार्य कर रहा था। उसी समय सनत खरे आया और ससुर की जमीन पर कब्जा कर भवन निर्माण करने का आरोप लगाते हुए गाली गलौज किया और फावड़े से पिटाई कर दी। इस मामले में पुलिस ने प्रार्थी की रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2 296, 351,3 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में ले लिया है।

नशीली टेबलेट बेचने ग्राहक तलाश रहा आरोपी गिरफ्तार

रतनपुर। नशे के अवैध कारोबार पर लगाम लगाने के लिए रतनपुर पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में पुलिस ने नशीली टेबलेट की बिक्री करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से नाइट्रोजेपम (नाइट्रा) टेबलेट बरामद की गई है। पुलिस के अनुसार, 11 जून को मुखबिर से सूचना मिली कि भैरवबाबा मंदिर स्थित पुष्प वाटिका के पास एक युवक लोगों से विवाद कर रहा है और अपने पास रखी नशीली टेबलेट को बेचने के लिए ग्राहक तलाश रहा है। सूचना पर थाना प्रभारी रतनपुर उपनिरीक्षक विष्णु यादव ने वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराते हुए पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की।पुलिस ने मौके से आरोपी नवीन कुमार बैसवाड़े पिता कमलेश कुमार बैसवाड़े (28 वर्ष), निवासी उसराभाठा नेवसा को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से 13 नग नाइट्रोजेपम (नाइट्रा) टेबलेट, जिसकी कीमत लगभग 57 हजार 200 रुपए है, जप्त की गई। आरोपी के खिलाफ नारकोटिक एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

निधन

राधा देवी तिवारी

बिलासपुर। तिवारी चाल राजेन्द्र नगर निवासी श्रीमती राधा देवी तिवारी का 92 साल की उम्र में 11 जून को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 12 जून को ग्राम 4 बजे सरकंडा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे स्व. गायत्री प्रसाद तिवारी की पत्नी, आनंदकंद तिवारी की माता, डा. रश्मि तिवारी की सास एवं भाजपा नेता आदित्य तिवारी की दादी थीं।

जीतू भोई

बिलासपुर। नवाडीह मोहरा निवासी जीतू भोई का 7 जून को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे स्व. गणेश राम भोई के पुत्र एवं संतोष भोई के भाई थे।

पेड़ धराशाई, गिरे बिजली के खंभे, बिजली व्यवस्था चरमराई

वनांचल में चली आंधी, 7 ग्रामीणों के मकान क्षतिग्रस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी

वनाचंल में अचानक तेज आंधी आने से ग्राम अचानकमार में 7 ग्रामीणों के मकान का छप्पर उखड़कर क्षतिग्रस्त हो गया है। पीड़तिों के आसियाने उजड़ने से उन्हें दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने मुआवजा की मांग की है।

सुदूर वनांचल के ग्राम अचानकमार में बुधवार की शाम 5 बजे मौसम ने अचानक करवट ली। मौसम में आचानक हुए बदलाव ने ग्रामीणों के लिए मुसीबत खड़ी कर दी। आसमानी आफत से किसी के घर का छप्पर तो कहीं पेड़ गिरने से मकान क्षतिग्रस्त हो गए। सरपंच मीना देवी अंनत ने बताया कि पूर्व सरपंच गयाराम साकेत, राजेश नेताम, राजकुमार नेताम, अशोक सोनवानी ,रामेश्वर कोल, शुकवारिया गोड़, जीवनलाल साकत के मकान क्षतिग्रस्त हो गए हैं। सरपंच ने ग्रामीणों के लिए मुआवजा की मांग की है। एसडीएम अजीत पुजारी वनाचंल के दौरे पर थे वे भी आंधी में फंसे रहे और देर रात घर लौटे। तेज आंधी से ग्राम सालहेघोरी फीडर में गुरुवार को देर शाम 11केवी तार व पोल सड़क पर गिर गया। ग्राम कंसारा में दो पोल टूटने के विद्युत व्यवस्था बाधित हो गई। एसडीएम अजीत पुजारी ने बताया कि देर शाम वनांचल में तेज आंधी आई थी। क्षतिग्रस्त मकानों का आंकलन कर प्रकरण बनाने तहसीलदार को निर्देशित किया गया है।

30 गांवों में ब्लैक आउट

बुधवार को तेज आंधी आने से ग्रामीण इलाकों में कई पेड़ जड़ सहित उखड़ गए तो कई पेड़ टूटकर सड़कों पर गिर गए। क्षेत्र के लगभग 30 ग्रामों में 20 बिजली के खंभे टूट गए। वहीं तार भी टूट कर लटक रहे हैं। तेज आंधी का कहर इतना था कि बड़े बड़े पेड़ धराशाई हो गए। आंधी के कहर से लोरमी क्षेत्र के ग्राम लाखासार में नहर के पास पोल तार सहित टूटकर सड़क पर पड़ा हुआ है। ग्राम खुड़िया, कारी डोंगरी, कंसरी, कंसरा, दरवाजा, रामू नगर, अखरार, सारिस ताल, घाना घाट, उरई कछार, डोंगरीया, जमुनाही, कोदवा महंत, बघर्रा, बाघनी भंवर, कोसाबाडी, कंचनपुर सहित लगभग 30 ग्रामों में पूरी रात ब्लैक आउट रहा। विभाग द्वारा गुरुवार को मरम्मत का कार्य कराया जा रहा है।

जीवनदीप समिति की बैठक में विधायक अटल हुए नाराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोटा

जीवनदीप समिति की बैठक के दौरान समिति के अध्यक्ष एवं क्षेत्रीय विधायक अटल श्रीवास्तव ने विभागीय अधिकारियों द्वारा सही एवं पूर्ण जानकारी के साथ बिल प्रस्तुत नहीं किए जाने पर नाराजगी व्यक्त की। बैठक में प्रस्तुत वित्तीय एवं प्रशासनिक प्रस्तावों की समीक्षा के दौरान विधायक ने पाया कि कई बिल एवं दस्तावेज आवश्यक जानकारी एवं औपचारिकताओं के बिना प्रस्तुत किए गए हैं।

■ अपूर्ण बिल प्रस्तुत करने पर लगाई फटकार, बैठक स्थगित

विधायक श्री श्रीवास्तव ने अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि समिति के समक्ष किसी भी प्रस्ताव या बिल को पूर्ण तथ्यों, आवश्यक दस्तावेजों एवं नियमानुसार प्रस्तुत किया जाना चाहिए। अधूरी जानकारी के आधार पर निर्णय लेना न तो समिति के हित में है और न ही जनहित में। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी आगामी बैठक में बिलों एवं प्रस्तावों का पुनः परीक्षण कर नियमानुसार संपूर्ण दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत किया जाए। आवश्यक जानकारी उपलब्ध नहीं होने तथा दस्तावेजों में त्रुटियां पाए जाने के कारण बैठक को स्थगित कर दिया गया। अटल श्रीवास्तव ने कहा कि अधिकारी अंधेरे में रखकर कोई भी कार्य ना करें सार्वजनिक धन के उपयोग में पारदर्शिता एवं जवाबदेही सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

नवीन सामुदायिक भवन का विलंब से हो रहे निर्माण को यथा शीघ्र पूर्ण करने निर्देशित किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आगामी बैठक में सभी प्रस्ताव एवं बिल पूर्ण तैयारी और निर्धारित प्रक्रिया के अनुरूप प्रस्तुत किए जाएं। बैठक में अनुविभागीय अधिकारी प्रवेश पैकरा बीएमओ निखिलेश्वर गुप्ता बीपीएम श्वेता सिंह कोटा नगर पालिका परिषद अध्यक्ष सरोज साहू जनपद अध्यक्ष सूरज भारद्वाज रतनपुर नगर पालिका परिषद अध्यक्ष लवकुश कश्यप ब्लॉक अध्यक्ष अरुण त्रिवेदी विधायक प्रतिनिधि प्रतीक त्रिवेदी शिवदत्त पांडे कुलवंत सिंह शिवदयाल निर्मलकर अश्वनी टोडर सहित अधिकारी जन उपस्थित थे।

उचित मूल्य की दुकान में चोरी करने वाले 2 गिरफ्तार

चोरी में प्रयुक्त ट्रैक्टर, राशन सामग्री एवं अन्य सामान जब्त

जरहागांव। ग्राम ढोठमा स्थित स्व सहायता समूह द्वारा संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान में राशन सामग्री की चोरी करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार ग्राम लौदा, थाना पथरिया निवासी जगदीश माथुर, पिता रोहित माथुर, उम्र 32 वर्ष, 6 जून को ग्राम ढोठमा स्थित महिला स्व-सहायता समूह द्वारा संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान को बंद कर अपने घर चले गए। 9 जून की रात्रि लगभग 2:44 बजे उन्हें सूचना मिली कि कुछ अज्ञात व्यक्ति दुकान का ताला तोड़कर राशन सामग्री चोरी कर रहे हैं। सूचना मिलने पर वे तत्काल दुकान पहुंचे। तब तक चोर दुकान से 1 बोरी चावल तथा 50-50 किलोग्राम की 2 बोरियों में रखा 1 क्विंटल शक्कर चोरी कर ट्रैक्टर में लोड कर चुके थे। ग्रामीणों के पहुंचने पर ट्रैक्टर चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर जरहागांव थाने में बीएनएस की धारा 305(ए), 331(5) अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस ने घटनास्थल से एक नीले रंग का सोनालिका ट्रैक्टर, चोरी का चावल एवं शक्कर तथा घटना में प्रयुक्त लोहे का सब्बल जब्त किया। वाहन मालिक की जानकारी प्राप्त कर विशाल साहू, पिता लक्ष्मण साहू, उम्र 19 वर्ष, निवासी ग्राम ढोठमा, थाना जरहागांव से पूछताछ की गई। पूछताछ में उसने अपने साथी विकास उर्फ गोलू साहू, पिता महारथी साहू, उम्र 20 वर्ष, निवासी ग्राम ढोठमा तथा 2 विधि से संघर्षरत बालकों के साथ मिलकर चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा एवं 2 नाबालिगों के विरुद्ध किशोर न्याय अधिनियम के प्रावधानों के तहत कार्रवाई कर बाल सम्प्रेषण गृह भेजा गया।

हाईस्कूल इटवा को हायर सेकेंड्री बनाने की मांग, सौंपा ज्ञापन

मस्तूरी। सुशासन तिहार के तहत ग्राम पंचायत इटवा के उपसरपंच हरि लाल यादव एवं क्षेत्र की जनपद सदस्य लौंगलता कार्तिक पटेल ने शासकीय हाई स्कूल इटवा को हायर सेकेंडरी विद्यालय में उन्नयन किए जाने की मांग को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी, बिलासपुर के नाम आवेदन प्रस्तुत किया है।

आवेदन में बताया गया है कि शासकीय हाई स्कूल इटवा में आसपास के कई गांवों के छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं, लेकिन विद्यालय में केवल कक्षा 10वीं तक की पढ़ाई की व्यवस्था है। इसके कारण 11वीं एवं 12वीं की शिक्षा के लिए विद्यार्थियों को दूरस्थ विद्यालयों में जाना पड़ता है। इससे विशेष रूप से छात्राओं तथा आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के विद्यार्थियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। उपसरपंच हरि लाल यादव और जनपद सदस्य लौंगलता कार्तिक पटेल ने आवेदन में उल्लेख किया है कि विद्यालय में पर्याप्त भवन, कक्ष एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हैं। ऐसे में क्षेत्र की शैक्षणिक आवश्यकताओं को देखते हुए विद्यालय को हायर सेकेंडरी स्तर तक उन्नत किया जाना जनहित में आवश्यक है। उन्होंने कहा कि हाई स्कूल के हायर सेकेंडरी में उन्नयन होने से क्षेत्र के सैकड़ों विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा, ड्रॉपआउट की समस्या में कमी आएगी तथा छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए दूर-दराज के विद्यालयों में जाने की मजबूरी से राहत मिलेगी।

* **कोरबा।** विभागीय पशु चिकित्सा संस्थाओं में पशु चिकित्सा सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण हेतु स्थानीय व्यवस्था के तहत जिला प्रशासन के डीएमएफ मद अंतर्गत सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी के रिक्त 9 पदों पर संविदा भर्ती के लिए पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किया गया है।

जनता की समस्याओं के बजाय राजनीतिक लाभ ले रही कांग्रेस: समदरिया

बिलासपुर। बेलतरा विधानसभा के ग्राम नगोई में आयोजित सुशासन तिहार शिविर के दौरान कांग्रेस द्वारा उठाए गए विभिन्न मुद्दों पर अब भाजपा ने पलटवार किया है। भाजपा जिला ग्रामीण के प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी प्रणव शर्मा समदरिया ने कांग्रेस पर जनता की समस्याओं के बजाय राजनीतिक लाभ लेने का आरोप लगाया है।

■ सुशासन शिविर में कांग्रेस के उठाए गए विभिन्न मुद्दों पर भाजपा का पलटवार

भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा लगाए जा रहे सुशासन शिविरों का उद्देश्य आम लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान करना है, लेकिन कांग्रेस इन्हें राजनीतिक मंच बनाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेताओं को जनता की वास्तविक समस्याओं से सरोकार नहीं है और वे केवल सस्ती लोकप्रियता हासिल करने के लिए हंगामा कर रहे हैं। खाद और बीज की उपलब्धता को लेकर कांग्रेस के आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए शर्मा ने कहा कि किसानों को सहकारी समितियों के माध्यम से पूर्व की तरह खाद एवं बीज उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने माना कि कहीं-कहीं कुछ व्यवधान हैं, लेकिन उन्हें समय रहते दूर कर लिया जाएगा। पेयजल और नल-जल योजना के मुद्दे पर भाजपा ने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार को जिम्मेदार ठहराया। शर्मा ने कहा कि जल जीवन मिशन के क्रियान्वयन में हुई कथित अनियमितताओं का असर आज भी दिखाई दे रहा है, जिसके कारण कई क्षेत्रों में समस्याएं उत्पन्न हुई हैं। बैमा क्षेत्र में निर्माणाधीन केंद्रीय जेल को लेकर उठ रहे सवालों पर उन्होंने कहा कि जेल का स्थल चयन और निविदा प्रक्रिया कांग्रेस शासनकाल में पूरी हुई थी। वर्तमान में उच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुरूप निर्माण कार्य किया जा रहा है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि स्थानीय लोगों की आवाजाही और सुरक्षा संबंधी आवश्यकताओं का ध्यान रखा जाएगा तथा नियमानुसार व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी। अवैध प्लाटिंग और अवैध खनन के मामलों पर भी भाजपा ने कांग्रेस को निशाने पर लिया। शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार और जिला प्रशासन द्वारा अवैध गतिविधियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। उनके अनुसार, इन कार्रवाइयों से प्रभावित लोग ही विरोध का माहौल बनाने की कोशिश कर रहे हैं।

कोटमेर विचरण कर रहा हाथियों का झुंड

कोरबा। कोरबा वनमण्डल के करतला कोटमेर परिक्षेत्र में विचरण कर रहे 13 हाथियों का झुण्ड रात्रि विचरण करते हुए करतला से कोरबा रेंज के गेरांव बिट सेउरमार के जंगल क्षेत्र में विचरण कर रहे हैं। वही 5 नग हाथियों का झुण्ड कोई बिट के पहाड़ी क्षेत्र में विचरण कर रहे हैं।

सार्वजनिक सूचना/आपत्ति आमंत्रण

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं, चंचल गुप्ता, पिता श्री चंद्रमोहन गुप्ता, ग्राम चाटीडीह, पटवारी हल्का सरकंडा, तहसील एवं जिला बिलासपुर (छ.ग.) स्थित खसरा नंबर 86/1 में से 1600 वर्गफुट भूमि श्री श्रवण कुमार साहू, पिता श्री गंगाराम साहू से क्रय करने जा रहा हूँ।उक्त भूमि के स्वामित्व, बंधक, विक्रय, उत्तराधिकार, न्यायालयीन वाद-विवाद, ऋणभार, कब्जा अथवा किसी अन्य प्रकार के अधिकार/दावे संबंधी यदि किसी व्यक्ति, संस्था अथवा विभाग को कोई आपत्ति हो, तो वह इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 (सात) दिवस के भीतर नीचे दिए गए पते पर लिखित प्रमाण सहित संपर्क करें।निर्धारित अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर यह माना जाएगा कि उक्त भूमि के संबंध में किसी को कोई आपत्ति अथवा दावा नहीं है तथा क्रेता भूमि क्रय की कार्यवाही आगे बढ़ाने के लिए स्वतंत्र होगा। बाद में प्राप्त किसी भी दावा/आपत्ति के लिए क्रेता उत्तरदायी नहीं होगा।

क्रेता :चंचल गुप्ता
पिता – श्री चंद्रमोहन गुप्ता
पता – रेस्ट हाउस रोड, करगी रोड, कोटा,
जिला बिलासपुर (छ.ग.) मोबाइल – 7879979914

न्यायालय तहसीलदार तखतपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. /ब-121/2025-26
ग्राम तखतपुर तहसील तखतपुर
जिला बिलासपुर (छ.ग.)

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक दिलीप तोलानी पिता स्व. चेतनदास तोलानी जाति सिंधी निवासी ग्राम तखतपुर तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा अपने पुत्र रोहित तोलानी पिता दिलीप तोलानी के लिये आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिये केन्द्र सरकार के अंतर्गत लोक पदों एवं सेवाओं में नियुक्त / शैक्षणिक संस्थाओं में प्रवेश प्राप्त करने हेतु आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ई.डब्लू.एस.) के लिये आय एवं संपत्ति प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। तत्संबंध में उक्त प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

प्रस्तुत प्रकरण में दिनांक 11/06/2026 को सुनवाई नियत किया गया है। उपरोक्त आवेदन के सम्बन्ध में यदि कोई व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना चाहता है तो वे या तो स्वयं या अपने किसी मान्य अभिकर्ता अधिवक्ता के द्वारा नियत तिथि को मेरे न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जाएगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनाक 26/05/2026 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार
तखतपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार तखतपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. /ब-121/2025-26
ग्राम तखतपुर तहसील तखतपुर
जिला बिलासपुर (छ.ग.)

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक दिलीप तोलानी पिता स्व. चेतनदास तोलानी जाति सिंधी निवासी ग्राम तखतपुर तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा अपने पुत्री महक तोलानी पिता दिलीप तोलानी के लिये आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिये केन्द्र सरकार के अंतर्गत लोक पदों एवं सेवाओं में नियुक्त / शैक्षणिक संस्थाओं में प्रवेश प्राप्त करने हेतु आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ई.डब्लू.एस.) के लिये आय एवं संपत्ति प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। तत्संबंध में उक्त प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

प्रस्तुत प्रकरण में दिनाक 11/06/2026 को सुनवाई नियत किया गया है। उपरोक्त आवेदन के सम्बन्ध में यदि कोई व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना चाहता है तो वे या तो स्वयं या अपने किसी मान्य अभिकर्ता अधिवक्ता के द्वारा नियत तिथि को मेरे न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जाएगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनाक 26/05/2026 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार
तखतपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.)

न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी सकरी, जिला बिलासपुर

ईश्तहार

ग्राम पेण्डारी तहसील सकरी

एतद् द्वारा आम जनता ग्राम पेण्डारी तहसील सकरी जिला बिलासपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुखीराम खाण्डेकर पिता महेत्तर राम खाण्डेकर निवासी पेण्डारी तहसील सकरी जिला बिलासपुर के द्वारा अपने पत्नी चन्द्रिका बाई पिता पति सुखीराम खाण्डेकर की जन्म/ मृत्यु स्थान ग्राम पेण्डारी में दिनांक 02.06.1989 का पंजीयन हेतु रजिस्ट्रार जन्म/ मृत्यु ग्राम पंचायत/ नगर पालिक निगम पेण्डारी को जन्म/ मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1996 एवं छ.ग. जन्म रजिस्ट्रीकरण 2001 के नियम 9(3) के तहत निर्देश देने हेतु शपथ पत्र सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त आवेदन के संबंध में यदि किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/ आपत्ति हो तो वह स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियम पेशी दिनांक 24.06.2026 को अपना आपत्ति- दावा प्रस्तुत कर सकते है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक .... को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
सकरी

न्यायालय नजूल अधिकारी बिलासपुर (छ.ग.)

- :: ईश्तहार ::-
रा.प्र.क्र. / अ-6/2025-26
पक्षकार :- मिलिंद गुर्जर पिता स्व. बसंत राव गुर्जर वगैरह ....आवेदकगण
बनाम
छ.ग.शासन ....अनावेदक

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण मिलिंद गुर्जर पिता स्व. बसंत राव गुर्जर वगैरह राममंदिर गली तिलकनगर चांटापारा तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. ने स्वयं के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर नगर पालिक निगम बिलासपुर के मोहल्ला चांटापारा शीट नं. 12 प्लाट नं. 29/1 रकबा 3438 व.फु. भूमि स्थित है। उक्त भूमि वर्तमान नजूल अभिलेख में आवेदकगण एवं एक अन्य के नाम पर दर्ज है। जिसके सहधारक नवीन गुर्जर पिता स्व. बसंत राव गुर्जर की मृत्यु दिनांक 11.04.2023 को हो चुकी है। उक्त भूमि को आवेदकगण के द्वारा फौती के आधार पर नामांतरण करने के लिए छ.ग.भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के अंतर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वे दिनाँक 1/7/2026 को न्यायालयीन समय में स्वतः उपस्थित होकर अथवा अपने विधि मान्य प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर दावा/ आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति / दावा विचारणीय नहीं होगा।

आज दिनांक 11 / 6 /2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी
बिलासपुर (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार लालपुर थाना जिला-मुंगेली (छ.ग.)

//ईश्तहार//
(समाचार पत्र में प्रकाशन हेतु)
रा.प्र.क्र........................ब-121/2026
क्रमांक/455/वाचक/तह./2026
लालपुर थाना दिनांक 19.5.26

सर्वसाधारण/आम जनता ग्राम बंधवा को सूचित किया जाता है कि आवेदक अनंत कुमार पति/ पिता श्री रामखेलावन जाति सत. साकिन बंधवा तहसील लालपुर थाना जिला-मुंगेली (छ.ग.) के द्वारा आवेदन पत्र पेश किया गया है कि आवेदक के पिता/ माता/ पुत्री/ पुत्र/ दादा/ दादी/ भाई/बहन विश्राम आ. श्री मुकुत के मृत्यु दिनांक 16.04.2009 ग्राम बंधवा को हो जाने के कारण मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने हेतु इस न्यायालय से आदेश हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी को भी किसी प्रकार का कोई दावा/आपत्ति हो तो न्यायालय में दिनांक 18/06/26 समय प्रातः 11:00 बजे दिन को स्वयं/अपने प्राधिकृत के माध्यम से दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के पश्चात प्रस्तुत दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 19/05/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया है।

तहसीलदार
लालपुर थाना, जिला-मुंगेली (छ.ग.)

प्रारूप - (एक) समाचार प्रपत्र में प्रकाशित की जाने वाली सूचना

मैं समेलाल (समय लाल) (पुराना नाम जिसे बदला जाना है) सुपुत्र सुकालू गाँव/ शहर गुनसरी तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छत्तीसगढ़ ने अपना नाम समेलाल (समय लाल) (पुराना नाम) से बदलकर दबेल राम (नया नाम) रख लिया है।

समेलाल
हस्ताक्षर
(पुराने नाम से)

FORM-1
NOTICE TO BE PUBLISHED IN NESPAPER FORM

I, (Old Name, which is to be changed) Samelal (Samay Lal) S/o Sakalu Gond Village: Gunsari, Tahsil Takhatpur Dist. Bilaspur (C.G.) have changed my name from Samelal (Samay Lal) (Old name) to Dabel Ram (New Name)

Same Lal
Signature (Old Nam)

न्यायालय नायब तहसीलदार सकरी जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

// ईश्तहार //
रा.प्र.क्र. /अ-6/2025-26
ग्राम-अमेरी तहसील - सकरी, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है आवेदिका सांची वाधवानी पति श्री रवि वाधवानी निवासी रामलीला मैदान तहसील पेण्ड्रा जिला गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही छ.ग. के द्वारा ग्राम अमेरी, पहनं. 43 तहसील सकरी, जिला बिलासपुर नगर निगम सीमा वार्ड नं 08 गुरूघासीदास नगर वार्ड (महिमा विहार) स्थित परिवर्तित भूमि शीट नं. 15/19 प्लाट नं 133/3 रकबा 508/24 रकबा 0.065 हे. विक्रेता मिठाईलाल पिता स्व. श्री कृपाराम के स्वत्व एवं आधिपत्य में दर्ज है। उक्त भूमि में से रकबा 1620 वर्गफुट भूमि को विक्रेता मिठाईलाल से आवेदिका द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 15.04.2015 को क्रय किया गया है। आवेदिका द्वारा परिवर्तित भूमि शीट नं. 15/19 प्लाट नं 133/3 रकबा 508/24 रकबा 0.065 हे. में से 1620 वर्गफुट के समस्त अभिलेखों में विक्रेता मिठाईलाल के नाम के स्थान पर आवेदिका के नाम पर कराने आवेदन पत्र अतंर्गत धारा 109, 110 छ.ग. भू-राजस्व संहित 1959 वास्ते पंजीकृत विक्रय पत्र के आधार पर नामांतरण दर्ज किए जाने इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 18.06.26 तक प्रस्तुत कर सकते हैं।

आज दिनांक 08.06.26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील व मुहर से जारी किया गया।

नायब तहसीलदार
सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.)

आम सूचना

मैं व्ही.पी. गुप्ता अधिवक्ता अपने आसामी दुर्गा प्रसाद पिता स्व. लेड़वा निवासी ग्राम सकरी तहसील सकरी जिला बिलासपुर की ओर से अधिकृत होकर उनके निर्देश अनुरूप निम्न आम सूचना का प्रकाशन सर्वसाधारण शासकीय निकाय एवं संबंधित के विरुद्ध निम्न आम सूचना का प्रकाशन कराता हूँ-

1. यह कि मेरे आसामी के स्वत्व स्वामित्व एवं कब्जे की भूमि मौजा सकरी महल नंबर 01 के अंतर्गत खसरा नंबर 151 रकबा 0. 1460 हे., खसरा नंबर 168/1 रकबा 0.2920 हे., खसरा नंबर 613/1ख/1 रकबा 0.0240 हे. भूमि स्थित भूमि है जिस पर अंकित मिश्रा पिता विजय मिश्रा एवं संदीप मिश्रा पिता बालेन्द्र मिश्रा निवासी ग्राम हांफा तहसील सकरी जिला बिलासपुर के द्वारा एक अनुबंध आज से तीन वर्ष पूर्व कराया गया था जमीन खरीदी बिकी का किंतु उनके द्वारा आज तक संबंधित भूमि का पंजीयन नही कराया गया है इसलिये चूंकि उनके द्वारा संविदा भंग कर दिया गया है ऐसी स्थिति मे मेरा आसामी उक्त भूमि अपने आवश्यकता इच्छा अनुरूप अलग अन्यत्र बय ब्रिकी उपयोग के लिये स्वतंत्र है क्योंकि मेरे आसामी के पिता लेढ़वा की मृत्यु हो चुकी है। उपरोक्त परिस्थिति के कारण यदि कोई भी व्यक्ति या पक्षकार अंकित एवं संदीप मिश्रा से किसी प्रकार का लेनदेन इस भूमि के संबंध मे मेरे आसामी के बिना जानकारी के किया हो तो समस्त जवाबदारी उसकी स्वयं की होगी।

अतः उपरोक्त परिस्थिति के कारण आम सूचना पेपर प्रकाशन के माध्यम से जानें।

दिनांक- 11/06/2026

भवदीय
व्ही.पी. गुप्ता अधिवक्ता
कुदुदण्ड बिलासपुर छ.ग.
मो.नं.- 9201711792, 9826500701

आम सूचना

मैं व्ही.पी. गुप्ता अधिवक्ता अपने आसामी बृहस्पति पति स्व. रवि निवासी ग्राम सकरी तहसील सकरी जिला बिलासपुर की ओर से अधिकृत होकर उनके निर्देश अनुरूप निम्न आम सूचना का प्रकाशन सर्वसाधारण शासकीय निकाय एवं संबंधित के विरूद्ध निम्न आम सूचना का प्रकाशन कराता हूँ-

1. यह कि मेरे आसामी के स्वत्व स्वामित्व एवं कब्जे की भूमि मौजा सकरी महल नंबर 01 के अंतर्गत खसरा नंबर 67/1 रकबा 0. 1680 हे., 102/3 रकबा 0.1483 हे. 69/5 रकबा 0.0620 हे., 69/7 रकबा 0.0750 हे., 86/10 करबा 0.0525 हे. भूमि स्थित भूमि है जिस पर अंकित मिश्रा पिता विजय मिश्रा एवं संदीप मिश्रा पिता बालेन्द्र मिश्रा निवासी ग्राम हांफा तहसील सकरी जिला बिलासपुर के द्वारा एक अनुबंध आज से तीन वर्ष पूर्व कराया गया था जमीन खरीदी ब्रिकी का किंतु उनके द्वारा आज तक संबंधित भूमि का पंजीयन नही कराया गया है इसलिये चूंकि उनके द्वारा संविदा भंग कर दिया गया है ऐसी स्थिति मे मेरा आसामी उक्त भूमि अपने आवश्यकता इच्छा अनुरूप अलग अन्यत्र बय बिकी उपयोग के लिये स्वतंत्र है क्योंकि मेरे आसामी के पति रवि की मृत्यु हो चुकी है। उपरोक्त परिस्थिति के कारण यदि कोई भी व्यक्ति या पक्षकार अंकित एवं संदीप मिश्रा से किसी प्रकार का लेनदेन इस भूमि के संबंध मे मेरे आसामी के बिना जानकारी के किया हो तो समस्त जवाबदारी उसकी स्वयं की होगी।

अतः उपरोक्त परिस्थिति के कारण आम सूचना पेपर प्रकाशन के माध्यम से जानें।

दिनांक- 11/06/2026

भवदीय
व्ही.पी. गुप्ता अधिवक्ता
कुदुदण्ड बिलासपुर छ.ग.
मो.नं.- 9201711792, 9826500701

न्यायालय तहसीलदार तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग.

रा.प्र.क्र./अ-6/2025-26
ग्राम जरौधा तहसील तखतपुर
जिला बिलासपुर छ.ग.

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अजय कुमार पिता मुरारी लाल निवासी मंगला चौक बिलासपुर के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम जरौंधा प.ह.न. 25 रा.नि.मं. जरौंधा तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग. स्थित भूमि खसरा नम्बर 15/1, 16 रकबा क्रमशः 0.2100, 0.2140हे. भूमि को क्रमशः अनावेदकगण क्रमशः रामझूल पिता रूक्खड़ एवं सोनकुंवर बेवा अनंद से क्रय कर दाखिल काबिज काश्त है। वादभूमि का नामांतरण पश्चात खसरा पांचशाला वर्ष 2010-11 में वादभूमि आवेदक के नाम पर दर्ज हो चुका था किंतु आज वर्तमान ऑनलाईन में विक्रेता के नाम पर पुनः त्रुटिपूर्ण प्रदर्शित हो रहा है। आवेदक के द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र एवं नामांतरण के आधार पर वादभूमि पर त्रुटिपूर्ण दर्ज अनावेदकगण के नाम को विलोपित करते हुये अपने नाम पर अभिलेख सुधार किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। तत्संबंध में उक्त प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

प्रस्तुत प्रकरण में दिनाक 19/06/2026 को सुनवाई नियत किया गया है। उपरोक्त आवेदन के सम्बन्ध में यदि कोई व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना चाहता है तो वे या तो स्वयं या अपने किसी मान्य अभिकर्ता अधिवक्ता के द्वारा नियत तिथि को मेरे न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जाएगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनाक 04/06/2026 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार तखतपुर
जिला बिलासपुर (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर जिला बिलासपुर

मामले की श्रेणी : राजस्व

संदर्भ:- जिला बिलासपुर तहसील-बिलासपुर
प.ह.न.-00034 कुदुदंड ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-
CT202526400108000098

ईश्तहार

तहसील बिलासपुर के प.ह.न. 00034 के अंतर्गत ग्राम कुदुदंड के वर्तमान भूमिस्वामी गौतम बाई पिता/ पति-सुरेन्द्र सिंह राजपूत पता-लमती तहसील पथरिया, देवेन्द्र सिंह राजपूत पिता/पति-स्व घनाराम पता-लमती तहसील पथरिया, विवेक राजपूत पिता/ पति-स्व ओमकार पता-लमती तहसील पथरिया, गौरी बाई पिता/ पति-स्व गनपत पता-लमती तहसील पथरिया, नीरा बाई पिता/पति-स्व घनाराम पता-लमती तहसील पथरिया, हिरेन्द्र राजपूत पिता/पति-स्व गनपत पता-लमती तहसील पथरिया, खोमबाई पिता/पति-स्व ओमकार पता-लमती तहसील पथरिया, तारकेश्वर राजपूत पिता/पति-स्व ओमकार पता-लमती तहसील पथरिया, रत्नाकर राजपूत पिता/पति-स्व घनाराम पता-लमती तहसील पथरिया, अजीत सिंह पिता/पति-स्व गनपत पता-लमती तहसील पथरिया, जितेन्द्र राजपूत पिता/पति-स्व ओमकार पता-लमती तहसील पथरिया, रजनीश राजपूत पिता/पति-स्व गनपत पता-लमती तहसील पथरिया के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 293/9 (0.0080), 293/11 (0.0280) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता पुष्पा राजपूत पति स्व अजीत सिंह राजपूत नाबा योगमाया नाबा कुनाल पिता/पति-स्व अजीत सिंह राजपूत पता-लमती बदरा (ब) तह पथरिया जिला मुंगेली छ.ग. के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 06/07/2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर जिला बिलासपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 11/06/2026 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार
Prakash Chand Sahu
तहसील बिलासपुर

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, शुक्रवार 12 जून 2026

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255

कार्यक्रम

आयाम प्रमुख व सहयोगियों की घोषणा सक्षम बिलासपुर इकाई की बैठक

बिलासपुर। सक्षम बिलासपुर इकाई की आवश्यक बैठक संस्था की जिलाध्यक्ष डॉ प्रशांत द्विवेदी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इसमें प्रकोष्ठ, आयाम प्रमुख एवं सहयोगियों की घोषणा की गई।

विश्व नेत्रदान दिवस के अवसर पर नेत्रदान पर संगोष्ठी आयोजित की गई। प्रांत सचिव अनूप कुमार पाण्डेय ने बताया कि हमारे देश में लाखों लोग कार्निया की खराबी के कारण दृष्टि हीनता से पीड़ित हैं। यदि हमारे देश में भी नेत्रदान एक परंपरा बन जाए तो कार्निया की खराबी से पीड़ित दृष्टि बाधितों को नेत्र ज्योति सरलता से मिल सकती है। शुभंकर बसु को नेत्रदान प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने मरणोपरांत नेत्रदान का पुण्य संकल्प लिया। इस अवसर पर अंजलि चावड़ा, भूपेंद्र शर्मा, लता गुप्ता, डॉ विद्या साहू, कल्याणी पाण्डेय, मंजू यादव, रजनी भारत, रत्ना सोनी, सुरेखा भारती, एस रविशंकर, सीता प्रधान, जहिर बेग सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। यह जानकारी जिला मीडिया प्रभारी सक्षम बिलासपुर चुन्नी मौर्य ने दी।

आयोजन

विपश्यना ध्यान शिविर कल से विद्यार्थियों को भाग लेने की अपील

बिलासपुर। शासकीय ई राघवेन्द्र राव स्नातकोत्तर विज्ञान महाविद्यालय के एलुमनी एसोसिएशन द्वारा विद्यार्थियों, प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं आम नागरिकों के लिए 3 दिवसीय विपश्यना ध्यान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 13, 14 एवं 15 जून को प्रतिदिन प्रातः 6:30 बजे से 8 बजे तक साइंस कॉलेज ऑडिटोरियम, साइंस कॉलेज सरकंडा में आयोजित होगा।

विपश्यना ध्यान भगवान बुद्ध द्वारा बताई गई अत्यंत प्राचीन और वैज्ञानिक ध्यान पद्धति है। भगवान बुद्ध ने मनुष्य को आत्मनिरीक्षण, संयम, करुणा, शांति और सम्यक जीवन का मार्ग बताया। विपश्यना का अर्थ है,वस्तुओं को उनके वास्तविक स्वरूप में देखना। इस साधना के माध्यम से व्यक्ति अपने मन और शरीर की अनुभूतियों का शांतिपूर्वक अवलोकन करता है, जिससे मन की अशांति कम होती है और भीतर धैर्य, संतुलन तथा सकारात्मक ऊर्जा का विकास होता है। अयोजकों ने बताया कि विद्यार्थियों पर परीक्षा, प्रतियोगिता और भविष्य निर्माण का दबाव रहता है, वहीं शिक्षकों एवं कर्मचारियों पर कार्य की जिम्मेदारियां और मानसिक तनाव होता है। ऐसे में विपश्यना ध्यान एकाग्रता, स्मरण शक्ति, आत्मविश्वास, निर्णय क्षमता, मानसिक स्थिरता और तनाव मुक्ति में अत्यंत उपयोगी है। इसके नियमित अभ्यास से क्रोध, चिंता, नकारात्मक विचार और मानसिक बेचैनी में कमी आती है तथा जीवन में शांति, स्पष्टता और आनंद का अनुभव होता है।

धर्मक्षेत्र

माहेश्वरी महिला मंडल की सखियों ने किया सामूहिक गीता पाठ

बिलासपुर। माहेश्वरी महिला मंडल की सखियों ने अंजना भूतड़ा के क्रांतिनगर स्थित निवास स्थान में एकादशी पर गुरुवार को सामूहिक गीता पाठ किया। अधिक मास की एकादशी को गीता पाठ का विशेष महत्व होता है। पुण्य भी मिलता है। हनुमान चालीसा का पाठ कर भजन कीर्तन किया गया। इसके बाद आरती कर प्रसाद वितरण किया गया। फलाहार कर समापन हुआ। सखियों ने बताया कि मण्डल की सभी सदस्य प्रतिदिन १५ वें अध्याय का वाचन कर रहीं हैं। पूरे मास तुलसी माता के पास पांच दीपक लगाने का संकल्प भी पूरा कर रहीं हैं। इस मौके पर सुधा, अंजना, नीलम, सरोज, विमला, शीला, किरण, ममता, सरिता, नीता, आरती, पूनम, पूजा, संगीता, रिमझिम, मेघा, सरोज, ममता उपस्थित थीं।

फैशन

स्टूडेंट्स आउटफिट व स्मार्ट गैजेट्स के साथ कॉलेज में एंट्री

बिलासपुर। नर्सरी से लेकर 12वीं तक यूनिफार्म में डिसिप्लिन के साथ कैंपस में पढ़ाई करने वाले स्टूटेंइस अब कॉलेज कैंपस में एंट्री करेंगे। ऐसे में नए लुक में दिखना तो बनता है। ऐसे में शहर के फर्स्ट टाइम कॉलेज गोविंग गर्ल्स एंड बॉयज फैशन बोल्ड, चमकीले रंगों और ग्राफिक प्रिंटों वाले बैगी जींस, क्रॉप टॉप, जर्सी शर्ट को काफी पसंद कर रहे हैं। इसके अलावा जींस, लेगिंग, स्वेटपैंट, जर्सी शर्ट,

ओवरसाइज्ड टीज, क्रॉप टॉप, हुडी और फ्लेनेल शर्ट जैसे कैजुअवल कपड़े ट्रेंड कर रहा है। फैशन कारोबार व डिजाइनिंग से जुड़े लोगों का कहना है कि 2026 में कॉलेज फैशन में कंफर्टेबल, तकनीक और स्थिरता के साथ-साथ पुरानी यादों और स्टेटमेंट एक्सेसरीज़ का मिश्रण दिखेगा। इस वर्ष कॉलेज कैंपस का फैशन बोल्ड, चमकीले रंगों और ग्राफिक प्रिंटों वाले कपड़े स्टूडेंट्स को अपने ओर आकर्षित कर रहे हैं। कपड़ों के अलावा खासकर गर्ल्स स्टूडेंट्स, लाइट वेट ज्वेलरी, फुटवीयर, इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स जैसे स्मार्टफोन, उसके एक्सेसरीज़ शामिल हैं। शहर के गोल बाजार, पुरानी बस्ती रोड पर स्थित वीयर्स फैशन हाउस, वॉच, शूज के शो रूम पर स्टूडेंट्स की भीड़ दिखने लगी है। स्टूडेंट्स कॉलेज प्रवेश को लेकर काफी उत्साहित हैं। ऐसे में कॉलेज कैंपस में दूसरों से अलग दिखने के लिए कंफर्टेबल एवं स्टाइलिश फैशन वीयर्स को अपने ड्रेसेस कलेक्शन में शामिल कर रहे हैं। ताकि, वे पहली बार कॉलेज में कदम रखे तो पर्सनालिटी में कांफिडेंट्स व स्मार्ट लुक नजर आए।

भावी शिक्षकों ने दी प्री बीएड परीक्षा

बिलासपुर। व्यापमं ने गुरूवार को प्री बीएड व बीएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा सुबह 10 बजे से दोपहर सवा 12 बजे तक आयोजित की गई। प्री बीएड प्रवेश परीक्षा जिले के 32 परीक्षा केंद्रों में आयोजित हुई, इस परीक्षा में 10 हजार 433 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था जिसमें 7 हजार 946 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दिलवाई 2 हजार 487 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहें । इसी तरह बीएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा के लिए जिले में 9 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे, जिनमें कुल 2 हजार 369 अभ्यर्थियों ने आवदेन किया था।

जिसमें 1 हजार 726 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दिलवाई शेष 643 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहें। इस प्रकार दोनों परीक्षाओं में करीब साढे 12 हजार अभ्यर्थी शामिल हुए। प्री बीएड के परीक्षार्थियों ने बताया कि प्रश्नपत्र मॉडरेट था, मगर कुछ प्रश्न टाईम टेकन होने की वजह से समय अधिक लग गया। इस प्रश्नपत्र में समान्य ज्ञान,हिन्दी,अंग्रेजी व शिक्षाअभुरूचि सबंधित कई सवाल पूछे गए। प्रश्नपत्र में जीडीपी गणना, शिक्षा का उद्देश्य, करो या मरो का नारा,वंदेमातरम का अंग्रेजी में अनुवाद सहित अन्य प्रश्न पूछे गए। बतादें की व्यापमं ने परीक्षार्थियों के लिए सख्त नियम बनाए थे, अभ्यर्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने के कम से कम 2 घंटे पूर्व परीक्षा केंद्र में पहुंचने के निर्देश दिए गए थे, ताकि फ्रिस्किंग एवं दस्तावेज सत्यापन की प्रक्रिया समय पर पूर्ण की जा सके। परीक्षा केंद्र का मुख्य द्वार परीक्षा प्रारंभ होने के 30 मिनट पूर्व अर्थात सुबह 9.30 बजे बंद कर दिया गया। इसके बाद पहुंचे अभ्यर्थी को प्रवेश नहीं मिला। अभ्यर्थियों को हल्के रंग के आधी बांह वाले वस्त्र पहनकर परीक्षार्थी पहुंचे थे। कान में किसी भी प्रकार के आभूषण, मोबाइल फोन, संचार उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक घड़ी, पर्स, पाउच, बेल्ट, स्कार्फ, टोपी पहनकर आएं अभ्यर्थियों को बाहर निकलवा दिया गया।

परीक्षा छूटते ही मुख्य मार्ग रहे प्रभावित

परीक्षा छूटते ही शहर की यातायात व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो गई। परीक्षा केन्द्रों से एक साथ बड़ी संख्या में विद्यार्थियों के बाहर निकलने और उन्हें लेने पहुंचे अभिभावकों के वाहनों के कारण प्रमुख सड़कों पर भारी दबाव देखने को मिला। शहर के मुख्य मार्गों पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, जिससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।दोपहर के समय तेज धूप में दोपहिया, चारपहिया वाहन, ऑटो और स्कूल बसें एक साथ सड़कों पर आ गईं। इसके चलते प्रमुख चौराहों और व्यस्त मार्गों पर जाम की स्थिति बन गई। कई स्थानों पर वाहन रेंगते नजर आए और लोगों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में सामान्य दिनों की तुलना में अधिक समय लगा। यातायात का दबाव बढ़ने से कार्यालय से लौटने वाले कर्मचारियों, व्यापारियों और आम नागरिकों को भी परेशानी झेलनी पड़ी। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि परीक्षा के समय प्रमुख स्कूलों के आसपास यातायात प्रबंधन की विशेष व्यवस्था की जानी चाहिए, ताकि जाम की स्थिति से बचा जा सके। नागरिकों ने स्कूलों के सामने पार्किंग और यातायात नियंत्रण के बेहतर इंतजाम करने की मांग भी की है।

परमा एकादशी पर खाटु श्याम का भव्य श्रृंगार,व्रतियों ने किया पूजन

बिलासपुर। पुरूषोत्तम मास की कृष्ण पक्ष पर परमा एकादशी गुरूवार को मनाई गई। इस अवसर पर घोघा बाबा स्थित खाटु श्याम मंदिर में बाबा का भव्य श्रृंगार किया गया। बाबा के भव्य श्रृंगार के दर्शन करने व आशीर्वाद लेने बड़ी संख्या में श्रद्धालू जुटे। एकादशी के अवसर पर बाबा का भव्य श्रृंगार किया जाता है। बाबा के दिव्य स्वरूप को देखने भक्तों के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी। विशेष भोग अर्पित करने के बाद आरती की गई। बता दें कि यहां दूर-दूर से लोग अपनी मनोकामना पूर्ति करने के लिए बाबा खाटू श्याम के दरबार में आते हैं। परमा एकादशी पर व्रतियों ने भगवान विष्णु की विधिवत पूजा अर्चना की। सुबह स्नान के बाद तुलसी पत्ता, श्रीखंड चंदन, गंगाजल एवं मौसमी फलों का प्रसाद भगवान को अर्पित किया गया। व्रतियों ने पूरे दिन अन्न का सेवन नहीं किया। शाम को विष्णु जी की आराधना करने के बाद विष्णुसहस्रनाम का पाठ किया। शाम को घर के हर एक हिस्से में दीपक जलाए गए। भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी को प्रसन्न कर उपाय किए गए।

खेलकूद, योग को जरूरी है जीवन का हिस्सा बनाना : बीके जीतू

बिलासपुर। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय टेलीफोन एक्सचेंज रोड स्थित 'राजयोग भवन' में युवाओं के उज्ज्वल भविष्य और तनाव मुक्त जीवन को लेकर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें युवा प्रभाग माउंट आबू के राष्ट्रीय संयोजक बीके जीतू भाई मुख्य वक्ता ने कहा कि फोन की लत को छोड़ने के लिए खाली समय में रचनात्मक शौक जैसे किताबें पढ़ना, संगीत, पेंटिंग, खेलकूद और योग जैसी शारीरिक गतिविधियों को अपने जीवन का हिस्सा बनाना बेहद जरूरी है। ।

युवाओं के उज्ज्वल भविष्य और तनाव मुक्त जीवन पर कार्यक्रम

सेवा केंद्र में मुख्य वक्ता बीके जीतू भाई के आगमन होने पर राजयोग भवन की मुख्य संचालिका स्वाति दीदी ने उनका अभिनंदन किया एवं उपस्थित सभी युवाओं को प्रेरित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए मंगल आशीर्वाद दिया। मुख्य वक्ता जीतू भाई ने कहा कि आज भारत की लगभग 65 प्रतिशत जनसंख्या युवा है, जो देश की सबसे बड़ी ताकत है। आज के इस आधुनिक और प्रतिस्पर्धी युग में युवा वर्ग मानसिक तनाव, चिंता और भटकाव जैसी गंभीर समस्याओं से जूझ रहे हैं। वर्तमान में युवाओं के बीच मानसिक तनाव एक महामारी का रूप लेता जा रहा है। इसका सबसे बड़ा और मुख्य कारण सोशल मीडिया की लत है। आज का युवा सुबह सोकर उठने से लेकर रात को सोने तक अपना अधिकांश समय मोबाइल स्क्रीन पर रील्स, शॉर्ट्स और पोस्ट स्क्रॉल करने में बिता रहा है। इस आभासी दुनिया में लोग केवल अपने जीवन के सबसे अच्छे और चमकीले पलों को ही साझा करते हैं। जिसे देखकर आम युवा अनजाने में ही अपने वास्तविक जीवन की तुलना दूसरों के उस दिखावटी जीवन से करने लगते हैं। इस अवास्तविक तुलना के कारण युवाओं के मन में यह हीन भावना घर कर जाती है कि उनका अपना जीवन दूसरों की अपेक्षा बहुत पीछे या बेकार है। इसी सोच से एक नया मानसिक विकार पैदा हुआ है। जिसे 'फोमो' यानी कुछ छूट जाने का डर कहते हैं। जो युवाओं को हर समय बेचैन और तनाव ग्रस्त रखता है। देर रात तक स्क्रीन देखने की इस आदत के कारण उनकी नींद का चक्र पूरी तरह बिगड़ जाता है। जिससे मस्तिष्क को पर्याप्त आराम नहीं मिलता और दिन भर चिड़चिड़ापन, थकान तथा एकाग्रता की कमी बनी रहती है। लगातार छोटे वीडियो देखने की आदत से उनकी सोचने और गहराई से ध्यान केंद्रित करने की क्षमता भी तेजी से घट रही है। जिसका सीधा असर उनकी पढ़ाई और कॅरियर पर पड़ रहा है। इस गंभीर दलदल से निकलने के लिए युवाओं को सबसे पहले अपने स्क्रीन टाइम पर सख्त नियंत्रण लगाना होगा। इसके लिए उन्हें हर दिन कुछ घंटे या सप्ताह में एक दिन 'डिजिटल डिटॉक्स' अपनाना चाहिए।

नारद मोह की कथा दर्शाती है प्रभु माया की महिमा को

सरकंडा में चल रही संगीतमयी शिव पुराण ज्ञानयज्ञ कथा

बिलासपुर। श्री राधा रानी महिला मण्डली एवं मोहल्लेवासियों ने लोधीपारा सरकंडा में संगीतमय श्री शिव पुराण ज्ञानयज्ञ कथा आयोजित की गई है। इसमें प्रवचनकर्ता आचार्य संदीप द्विवेदी बेरला बेमेतरा ने गुरुवार को नारद मोह, रामचरित एकादशी की कथा पर प्रकाश डाला और बताया कि नारद मोह की कथा अहंकार के नाश और प्रभु माया की महिमा को दर्शाने वाली एक प्रेरणादायी लीला है।

प्रवचनकर्ता आचार्य श्री द्विवेदी ने नारद मोह कथा के सार पर प्रकाश डालते हुए बताया कि एक बार देवर्षि नारद ने हिमालय की कंदराओं में कठोर तपस्या कर कामदेव पर विजय प्राप्त कर ली। इसके बाद अभिमान वश उन्होंने भगवान शिव, ब्रह्मा और अंत में भगवान विष्णु को अपनी इस उपलब्धि के बारे में बताया। भगवान विष्णु ने

नारदजी के अहंकार को तोड़ने के लिए अपनी माया रची। आगे के मार्ग में एक बहुत ही सुंदर नगर बसा दिया। जहां के राजा शील निधि की पुत्री 'विश्वमोहिनी' का स्वयंवर हो रहा था। विश्वमोहिनी के रूप पर मुग्ध होकर नारदजी ने भगवान विष्णु के पास जाकर उनसे प्रार्थना की कि उन्हें श्रीहरि जैसा सुंदर रूप दे दें ताकि राजकुमारी उन्हें ही वरमाला पहनाए। भगवान विष्णु ने नारदजी की इच्छा पूरी करने का नाटक किया, लेकिन उन्हें अपना नहीं बल्कि एक वानर का मुख दे दिया। स्वयंवर में जब नारद जी पहुंचे तो उन्हें लगा कि वे सबसे सुंदर दिख रहे हैं, लेकिन वास्तव में उनका मुंह बंदर जैसा था। विश्वमोहिनी सहित सभी उन्हें देखकर हंसने लगे और तभी वहां स्वयं भगवान विष्णु प्रकट हुए। राजकुमारी ने भगवान विष्णु को वरमाला पहना दी। जब नारदजी ने जल में अपना मुख देखा, तो उन्हें अपना बंदर जैसा चेहरा देखकर बहुत दुःख हुआ। क्रोध में आकर नारदजी ने भगवान विष्णु को शाप दे दिया कि उन्हें भी मनुष्य रूप में अवतार लेकर अपनी पत्नी के वियोग का दुःख सहना पड़ेगा और उस समय बंदर ही आपकी सहायता करेंगे। भगवान विष्णु ने सहर्ष इस शाप को स्वीकार किया और अपनी माया समेट ली। सच्चाई जानने के बाद नारदजी को अपनी भूल का बहुत पछतावा हुआ। तब उन्हें ज्ञान हुआ कि संसार में कोई भी प्रभु की माया से पूरी तरह सुरक्षित नहीं है।यह कथा दर्शाती है कि अहंकार पतन का कारण बनता है और विनम्रता ही वास्तविक ज्ञान का आधार है। कथा को सफल बनाने में महिला मण्डली की सदस्यों व मोहल्लेवासियों का सहयोग मिल रहा है।

स्पोर्ट्स न्यूज

पुलिस ग्राउंड में हॉकी खिलाड़ियों को मिल रहा प्रशिक्षण

बिलासपुर। नगर हॉकी संघ द्वारा पुलिस लाइन में रोज लगभग 35 बच्चों को हॉकी का निः शुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है,नगर हॉकी संघ के सदस्यो ने विगत 6 माह से पुलिस ग्राउंड में फिर से हॉकी को गुलजार करने का बीड़ा उठाया और नए सिरे से बच्चों को हॉकी के प्रति प्रेम और लगाव की भावना जागृत किये हैं जिसके परिणाम स्वरूप रोज बच्चे खेलने आ रहे हैं।

सभी बच्चों को संघ के तरफ से निः शुल्क कोचिंग के साथ ही निः शुल्क हॉकी,जूता, मोजा, टी शर्ट,हाफ पैंट,सीन गार्ड आदि दिया जा रहा है। बिलासपुर के लिए ये हर्ष का विषय है कि कुद्धदंड निवासी अवि मानिकपुरी जिसका चयन अंडर 18 एशिया कप के लिए भारतीय हॉकी टीम में हुआ,अवि मानिकपुरी ने भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए गोल्ड मेडल जीता। नगर हॉकी संघ के सभी बच्चे में खुशियों की लहर है और अवि मानिकपुरी को अपना आदर्श मानते हुए उसी के नक्शेकदम पर खेलते हुए भारत देश का नाम रोशन करना चाह रहे हैं।

एशिया कप स्वर्ण पदक विजेता अवि का सम्मान

बिलासपुर। एशिया कप स्वर्ण पदक विजेता अवी मानिकपुरी का अभिनंदन समारोह नगर विधायक अमर अग्रवाल,बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला की गरिमायी उपस्थिति में संपन्न हुआ।

अध्यक्ष रोहित बाजपेई महासचिव डॉ मनीष श्रीवास्तव, धनीराम यादव, अमिताभ,ओमकार यादव मौजूद थे। अमर अग्रवाल ने कहा कि हॉकी खिलाड़ी अवी ने बिलासपुर शहर का मान बढ़ाया है और उसकी उपलब्धि पर हम सबको गर्व है। विधायक सुशांत शुक्ला ने कहा बहतराई स्टेडियम स्टेडियम एवं बेलतरा क्षेत्र में खेल ,सुविधाओं के विकास के लिए निरंतर प्रयत्नशील है एवं हॉकी खिलाड़ियों को हर संभव मदद देंगे। कार्यक्रम में पूर्व महापौर किशोर राय, जिला भाजपा अध्यक्ष दीपक सिंह, सहायक संचालक खेल एवं युवा कल्याण ए एक्का जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष, पंकज तिवारी,अमरजीत दुआ विशेष रूप से उपस्थित थे।

खबर संक्षेप

छात्रा ने की खुदकुशी प्रेमी युवक गिरफ्तार

बिलासपुर। प्रेमी के द्वारा दूसरी लड़की से बातचीत करने से दुखी होकर छात्रा के फांसी लगाकर खुदकुशी करने के मामले में पुलिस ने प्रेमी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। सिविल लाइन टीआई किशोर केंवट ने बताया, जांच मुलमुला सोनसरी निवासी आयूषी कुर्रे उर्फ खुशी पिता कांतिकुमार कुर्रे 23 साल जरहाभाठा डल्ला गली में किराए के मकान में रहकर पीएससी परीक्षा की तैयारी कर रही थी। 20 मार्च 2026 को आयूषी ने अपने किराए के मकान में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। जांच में खुलासा हुआ मुलमुला सोनसरी निवासी दीपक खाण्डे से उनका प्रेम संबंध था। घटना के दिन शाम 6 बजे दीपक खाण्डे उसके रूम से निकला था। उसके बाद आयूषी उसे लगातार मोबाइल लगा रही थी, किन्तु वह नहीं उठा रहा था। यह भी बात सामने आई कि दीपक खाण्डे दूसरी लड़की से बातचीत कर रहा था, जिससे दोनों के बीच विवाद में विवाद हुआ था। पुलिस ने जांच के बाद बीएनएस की धारा 108 के तहत आरोपी दीपक कुमार खाण्डे को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

महिलाओं से मारपीट सरपंच पति पर जुर्म दर्ज

बिलासपुर। रेत चोरी करने से रोकने पर महिलाओं के साथ मारपीट कर दी गई है। पुलिस ने हमलावर सरपंच पति सहित अन्य के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। कोनी पुलिस के अनुसार, घुटकू निवासी सावित्री उर्फ मैना लोनिया पति स्व. दुष्यंत लोनिया ने रिपोर्ट लिखाई। वे गांव के सशक्त नारी महासंघ महिला संगठन की कोषाध्यक्ष हैं। 10 जून की रात 10.30 बजे अपने गांव के सिंगारबाड़ी के पास संगठन की सदस्य बिलसिया पटेल, थिरजा पटेल, दूरपति साहू, लक्षन केंवट एवं संगठन के अन्य साथी के साथ रेत घाट की रखवाली करने गई थीं। जहां ग्राम कछार के सरपंच पति व अन्य लोग ट्रैक्टर ट्राली में रेत भर रहे थे। महिलाओं ने उन्हें रोका तो उनके साथ गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट की गई है। गांव के रजत सोनी, उत्तम यादव, छोटा भोई बीच बचाव करने आए तो उनके साथ भी मारपीट की गई है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर कछार सरपंचपति सहित अन्य के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 3, 5, 351, 3 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

एसी कोच में चोरी का आरोपी पकड़ा गया

बिलासपुर। ट्रेनों के एसी कोच में यात्रियों के सामानों की चोरी करने वाले आरोपी को जीआरपी ने पकड़ा है। प्रार्थी डबरा ग्वालियर मध्यप्रदेश निवासी जय सावनानी पिता चंद्रप्रकाश सावनानी 25 साल 10 अप्रैल को 12550 उधमपुर दुर्ग एक्सप्रेस के एसी कोच ए 1 के बर्थ नम्बर 14 में सागर से रायपुर तक सफर कर रहे थे। ट्रेन के उसलापुर स्टेशन पहुंचने से पहले अज्ञात आरोपी ने उनका बैग पार कर दिया, जिसमें नगद और सोने के जेवरात रखे थे। शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ धारा 305 (सी) बीएनएस कायम कर लिया गया। दो माह तक आरोपी की तलाश करने के साथ सायबर सेल की मदद ली गई। सायबर सेल के सहयोग से आरोपी दुर्ग निवासी फरहान तासिर खान पिता अंजुम तासिर खान 39 साल को पकड़ा गया, जिसके पास से चोरी की राशि बरामद करने के बाद रिमांड पर जेल भेजा गया है।

टायलेट की छत पर मिला लावारिस गांजा

बिलासपुर। रेलवे सुरक्षा बल ने ऑपरेशन नार्कोस के तहत अभियान चलाकर गाड़ी संख्या 12843 पुरी-अहमदाबाद एक्सप्रेस से लगभग चार लाख रुपये मूल्य का गांजा बरामद किया है। 10 जून को मंडल टास्क टीम एवं आरपीएफ पोस्ट ने एनडीपीएस ड्राइव के तहत स्टेशन पर पुरी-अहमदाबाद के कोच संख्या एस-3 की शौचालय की छत से एक लावारिस चेक बैग बरामद किया गया। बैग की जांच करने पर उसमें रखे चार पैकेट गांजा मिला, जो 7.972 किलोग्राम और 3 लाख 98 हजार 600 रुपए का था। आरपीएफ ने आवश्यक कार्रवाई कर बरामद बैग एवं गांजा को अग्रिम कार्रवाई हेतु जीआरपी के सुपुर्द कर दिया है। जीआरपी ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला कायम करने के बाद जांच शुरु कर दी है।

बिजली बंद और मेंटनेंस में होगा सुधार

शहर के लोगों को मिलेगी राहत, लगातार होगी पेट्रोलिंग, सुधरेगा फाल्ट

शहर बढ़ा तो अब जोन बढ़ाने की तैयारी, कोनी और मंगला में बनेगा बिजली कार्यालय

बिलासपुर। शहर में उपभोक्ताओं की संख्या बढ़ चुकी है, मंगला और कोनी जैसे क्षेत्रों में आए दिन कालोनियां विकसित की जा रही है, इसका सीधा असर बिजली व्यवस्था पर पड़ने लगा है। ऐसे में नेहरू नगर और सरकंडा जोन को दो भागों में बांटने की तैयारी की गई है। बिजली विभाग ने इसके लिए प्रस्ताव मंगाया है, जल्द ही शहर में दो नए जोन का निर्माण संभव होगा।

शहर में बिजली व्यवस्था विभाग के लिए बड़ी चुनौती बन कर सामने आई है। पश्चिमी डिवीजन सबसे ज्यादा प्रभावित हिस्सा है, जहां नेहरू नगर, मंगला, कोनी और सरकंडा के साथ ही गोलबाजार जोन भी शामिल है। ऐसे में बिजली विभाग के अधिकारियों ने व्यवस्था को दुरूस्त करने के लिए नई कवायद शुरू की है। दरअसल नेहरू नगर से मंगला और सरकंडा से कोनी क्षेत्र में नए जोन कार्यालय खोलने की कवायद की जा रही है। इसके लिए बकायदा प्रस्ताव भी उच्च अधिकारियों के पास भेज दिया गया है। आने वाले दो माह के भीतर जोन की स्वीकृति मिलने की उम्मीद है, जिसके बाद नेहरू नगर और सरकंडा जोन में पड़ने वाला बोझ कम होगा और लोगों को बिजली के लिए आ रही समस्याओं को त्वरित समाधान किया जा सकेगा।

आंकड़ों से समझें

	सरकंडा	कोनी	नेहरू नगर	मंगला
उपभोक्ता	21043	10080	27452	11731
सबस्टेशन	6	3	7	7
11 केवी फीडर	22	11	25	13
ट्रांसफार्मर	423	266	728	325
33 केवी लाइन	49.84 किमी	25.5 किमी	35 किमी	19 किमी
11 केवी लाइन	78.41 किमी	41.2किमी	100 किमी	50.75 किमी
एलटी लाइन	198.21 किमी	112.5किमी	300 किमी	120 किमी
क्षेत्र	38 वर्ग किमी	24 वर्ग किमी	48 वर्गकिमी	28.5 किमी

परेशानी होगी कम

नए जोन बनने के बाद क्षेत्र के लोगों को बिजली की परेशानी कम हो सकेगी। जिसमें नए एई, जेई और स्टाफ के साथ ही फ्यूज कॉल सेंटर खोले जाएंगे। शिकायतों का निवारण भी नए जोन में हो सकेगी। इससे मंगला और कोनी क्षेत्र के लोगों को क्रमशः नेहरू नगर और अशोक नगर स्थित कार्यालय आने की जरूरत ही नहीं पड़ेगी। बिजली मरम्मत और मेंटनेंस के दौरान पेट्रोलिंग करने, फाल्ट सुधारने में त्वरित कार्य किया जाएगा।

प्रस्ताव भेजा जा रहा है

दो नए जोन का प्रस्ताव डिवीजन से भेजा जा रहा है, स्वीकृति उच्च कार्यालय से मिलेगी, लेकिन इतना तय है कि अब पुराने जोन में भार बढ़ रहा है, वह नए जोन बनने के बाद सुधरेगा। स्टाफ की भर्ती होगी और नए कार्यालय में ही शिकायत व समाधान मुमकिन हो सकेगा।

-भरत भूषण नेताम,
ईई, पश्चिमी डिवीजन

मना करने के बाद भी पत्नी से बातचीत करने पर की थी वकील की हत्या

चार सिपाहियों ने लोकेशन पर एमपी में बस से भाग रहे फरार आरोपियों को पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कोटा थाना के चार सिपाहियों ने मोबाइल लोकेशन के आधार पर एमपी में बस से भाग रहे हत्या के फरार आरोपियों को पकड़ा है। पुलिस को पता चला है कि मना करने के बाद भी पत्नी से बातचीत करने पर आरोपी ने साथियों के साथ योजना बनाकर वकील की जघन्य हत्या की थी।

- **बदमाश सहित चार आरोपी गिरफ्तार**

4 जून 2026 की रात कोटा पथर्रा निवासी वकील निखिल गोस्वामी रोजाना की तरह जिम से वापस लौट रहे थे। इस दौरान एक खाली मैदान में वे अपने दो दोस्तों के साथ शराब पी रहे थे। इसी दौरान दो बाइक से चार लोग आए और निखिल की आंख में मिर्ची पावडर डालकर मारपीट करने लगे, जिससे निखिल के दोनों दोस्त भाग गए। चारों ने निखिल के साथ के मारपीट कर भारी पत्थर से हमला कर नृशंस हत्या कर दी और फरार हो गए थे। जांच के दौरान हत्यारों के नाम सामने आ गए थे। पतासाजी के दौरान कोटा थाना के प्रधान आरक्षक सत्य प्रकाश यादव, आरक्षक धर्मेन्द्र साहू, मनमोहन कोसले, सुनील पटेल को जानकारी मिली कि मुख्य आरोपी भुंडा निवासी बदमाश दीपक दास उर्फ भोला दास मानिकपुरी पिछले कुछ समय से रायपुर में रह रहा था। चारों सिपाही पतासाजी में रायपुर गए। वहां एक मुखबिर मिला, जिससे दीपक दास उर्फ भोला मानिकपुरी लगातार संपर्क में था और खर्च के लिए अगल अलग मोबाइल नम्बर से फोन कर पैसा मांग रहा था। आरक्षक धर्मेन्द्र साहू ने मुखबिर को फोन किए मोबाइल नम्बर का लोकेशन निकाला तो वह एमपी में पाया गया। थाना प्रभारी प्रशुश्रु डीएसपी आकाश चौधरी के निर्देश पर चारों सिपाही लोकेशन के आधार पर एमपी रवाना हो गए। लोकेशन के आधार पर सिपाहियों ने मंडला से बिछिया बस से भागते हुए चारों आरोपियों को पकड़ लिया। उसके बाद उन्हें कोटा लाया गया। पूछताछ में चारों ने वकील की हत्या करना स्वीकार कर लिया है। पुलिस ने बीएनएस की धारा 103, 1, 3, 5 के तहत चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

मृतक।

आरोपी के पत्नी के संपर्क में था मृतक

प्रभारी श्री चौधरी ने बताया, आरोपी दीपक दास उर्फ भोला मानिकपुरी का कई मामलों में चालान हो चुका है। जब वह जेल में बंद था तब उसकी पत्नी ने वकील निखिल गोस्वामी संपर्क किया। उसके बाद दोनों बातचीत करते रहते थे। दीपक दास उर्फ भोला के जेल से बाहर आने के बाद भी मृतक वकील उसकी पत्नी से मिलकर बातचीत करता था। दीपक उर्फ भोला ने मृतक को दो बार पत्नी से बातचीत करने से मना किया। नहीं मानने पर उसने अपने साथियों के साथ योजना बनाकर वकील की हत्या की वारदात को अंजाम दिया था।

पकड़े गए आरोपी

- दीपक दास उर्फ भोला मानिकपुरी पिता स्व. बल्लू दास मानिकपुरी 26 साल भुंडा कोटा
- निखिल राव उर्फ निक्कू पिता नरेंद्र राव 24 साल देवनगर कोनी
- कारण दास मानिकपुरी पिता स्व. घनश्याम मानिकपुरी 24 साल देवनगर कोनी
- कुश साहू उर्फ बुतरू पिता लक्ष्मण प्रसाद साहू 26 साल तेलियापुराण भरारी कोटा

कोयले की हेराफेरी

कोलडिपो संचालक सहित 7 के खिलाफ जुर्म दर्ज

बिलासपुर। कोयले की हेराफेरी मामले में पुलिस ने कोलडिपो संचालक, सुपरवाइजर, ट्रक मालिक व ड्राइवर सहित 7 लोगों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। पुलिस ने इस मामले में तीन ड्राइवरों सहित पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।

- **तीन ड्राइवर सहित पांच गिरफ्तार**

सकरी पुलिस के अनुसार, लोखंडी भाटिया एनर्जी एण्ड कोल बेनिफिकेशन के कारखाना प्रबंधक आरके पाण्डेय पिता उदयनाथ पाण्डेय ने रिपोर्ट लिखाई। 9 जून को दीपका कोल माइंस से एफ / जी ग्रेड का कोयला भाटिया एनर्जी एण्ड बेनिफिकेशन के लिए मंगवाया गया था। 10 जून को सुबह 6 से 7 बजे के बीच ट्रक क्रमांक सीजी 10 बीक्यू, 8285, चालक उज्जैन अंसारी, ट्रक क्रमांक सजी 12 बीएल, 6247 चालक आंशिक हुसैन, ट्रक क्रमांक सीजी 12 बीएल, 6251 चालक फजल अंसारी कोयला लेकर आए। जिसे लैब से चेक करने पर एफ / जी ग्रेड का कोयला नहीं होना पाया गया। पूछताछ में ड्राइवरों ने दीपका से आते समय रतनपुर गतौरी स्थित बालाजी कोल ट्रेडिंग एण्ड कंस्ट्रक्शन के संचालक एवं सुपरवाइजर से मिली भगत कर एफ/ जी ग्रेड के कोयले को चोरी कर बेचना और उसकी जगह मिलीवटी कोयला भर देना बताया। कंपनी को 25 लाख से अधिक का आर्थिक क्षति पहुंचाई गई है। पुलिस ने आरके पाण्डेय की रिपोर्ट पर कोलडिपो संचालक दिलीप कुमार, सुपरवाइजर गौरव सिंह, अमित कुमार, ट्रक संचालक रजाक अंसारी, चालक उज्जैन अंसारी, आंशिक हुसैन, फजल अंसारी के खिलाफ बीएनएस की धारा 316, 3, 317, 4, 3, 5 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने ड्राइवर उज्जैन अंसारी, आंशिक हुसैन, फजल अंसारी, सुपरवाइजर गौरव सिंह, शीबू खान को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं कोलडिपो संचालक, ट्रक मालिक सहित अन्य पुलिस पकड़ से बाहर है।

राशन दुकानों से खाद्यान्न लेने अंगूठे को प्राथमिकता

ओटीपी भी मान्य, लेकिन यह सुविधा सिर्फ चुनिंदा लोगों के लिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

राशन दुकानों से खाद्यान्न लेने वाले हितग्राहियों को अब बोयोमेट्रिक मशीन पर अंगूठा लगाने से ही खाद्यान्न जारी किया जा सकेगा। केंद्र सरकार द्वारा ऐसे निर्देश जारी किए गए हैं, ताकि जारी किया जा रहा खाद्यान्न सही हाथों तक पहुंच सके। शारीरिक रूप से अक्षम या 60 वर्ष से ऊपर के हितग्राहियों को ओटीपी बताकर अब भी खाद्यान्न लेते रहने की छूट रहेगी।

सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत राशन दुकानों से हितग्राहियों को दो तरह से खाद्यान्न जारी करने की व्यवस्था की गई थी। इसके अंतर्गत पहली व्यवस्था में हितग्राही के रजिस्टर्ड मोबाईल नंबरों पर भेजे गए ओटीपी के माध्यम से खाद्यान्न जारी किया जा सकता था। इसी तरह दूसरी व्यवस्था में हितग्राही से बायोमेट्रिक मशीनों में अंगूठा लगवाकर खाद्यान्न जारी किया जाता रहा है। चूंकि मोबाईल नंबर बदलने रहते हैं। मोबाईल गुम होने की भी शिकायतें आती रहती हैं, जिससे केंद्र सरकार द्वारा ओटीपी के माध्यम से

अधिकाधिक हितग्राहियों को खाद्यान्न वितरण पर आपत्ति की गई है। सरकार ने बायोमेट्रिक आधार पर मशीनों में अंगूठा लगवाकर हितग्राहियों को खाद्यान्न वितरण करने पर जोर दिया है, ताकि जारी किया गया खाद्यान्न सही हाथों तक पहुंच सके।

जिले में मई महीने में 19 प्रतिशत लोगों ने ओटीपी आधार पर खाद्यान्न का उठाव किया था। हालांकि खाद्य विभाग द्वारा प्रदेश के अन्य जिलों में ओटीपी आधार पर किए गए उठाव की तुलना में इसे काफी कम बताया गया है। खाद्यान्न लेने के दौरान कई बार ऐसी स्थिति निर्मित हो जाती है, जिसमें कई बार प्रयास करने के बाद भी बायोमेट्रिक मशीनों में थंब आ नहीं पाता, ऐसे में वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में ओटीपी आधार पर खाद्यान्न जारी कर दिया जाता है।

मई महीनें में 19 प्रतिशत हितग्राहियों को ओटीपी आधार पर खाद्यान्न जारी करने के पीछे एक कारण यह भी हो सकता है। ऐसे हितग्राही जो शारीरिक रूप से सक्षम नहीं हैं, या बीमार हैं या फिर हितग्राही की उम्र साठ वर्ष से अधिक की हो चुकी है। तो ऐसे हितग्राहियों को ओटीपी आधार पर खाद्यान्न जारी किया जाता रहेगा।

की गई है व्यवस्था

खाद्यान्न वितरण व्यवस्था को और अधिक पारदर्शी और सुरक्षित बनाए जाने के उद्देश्य से बायोमेट्रिक आधार पर खाद्यान्न वितरण को प्राथमिकता देने की व्यवस्था बनाई गई है। पात्र हितग्राहियों को पहले की तरह ही उनके निर्धारित समय पर खाद्यान्न मिलता रहेगा। इसमें कोई संदेह नहीं है।

-अमृत कुजूर
खाद्य नियंत्रक

महाराष्ट्र की महिलाएं बिलासपुर आकर कर रही थी ट्रेनों में चोरी, पकड़ी गईं

बिलासपुर। महाराष्ट्र से आकर महिलाएं बिलासपुर आकर ट्रेनों में यात्रियों के सामानों को पार कर रही थी। एक प्रार्थी की शिकायत करने के बाद जीआरपी और आरपीएफ की टीम ने जांच शुरु करने के बाद अंतरराज्यीय महिला चोर गिरोह का पर्दाफाश किया है। आरोपी महिलाओं के पास से चोरी किए गए लाखों रुपए के सामान जब्त किए गए हैं।

- **अंतरराज्यीय चोर गिरोह को पकड़ा जीआरपी और आरपीएफ की टीम**

जीआरपी से मिली जानकारी के अनुसार पामगढ़ जांजगीर चांपा निवासी दिनेश कुमार पंकज पिता डेरहाराम 35 साल 12102 ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस के जनरल कोच में अपनी पत्नी के साथ बिलासपुर स्टेशन में सवार हो रहे थे। इस दौरान किसी ने उनका बैग पार कर दिया, जिसमें लाखों रुपए के सोने के जेवरात रखे हुए थे। इसकी शिकायत मिलने के बाद जीआरपी बिलासपुर में अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 305 (सी) बीएनएस के तहत मामला कायम कर जांच शुरू कर दी गई। आरपीएफ और जीआरपी की टीम ने जांच और स्टेशन में पेट्रोलिंग के दौरान चार महिलाओं को संदिग्ध अवस्था में देखा, जो टीम को देखकर छिपने का प्रयास कर रही थीं।

महिलाओं को घेराबंदी कर पकड़ने के बाद पूछताछ की। आरोपी महिलाएं महाराष्ट्र नागपुर निवासी पूनम विनेश मानकर पति विनेश मानकर 43 साल, अरूणा विट्ठल उईके पति विट्ठल उईके 60 साल, अनिता मंगल सिंह पति मंगल सिंह 46 साल, चैत्रा लोढ़े पति स्व. ताना लोढ़े 59 साल से जानकारी मिली कि चारों रायगढ़ से रायपुर के बीच चलने वाली यात्री ट्रेनों में सफर करने वाली महिलाओं का बैग से कीमती सामान व सोने चांदी के जेवरात पार करने के बाद आपस में बंटवारा करते थे। जीआरपी और आरपीएफ की टीम ने चारों आरोपी महिलाओं के पास से चोरी की गई राशि जब्त करने के बाद रिमांड पर जेल भेज दिया है।

केंद्रीय जेल के 500 मीटर दायरे में ड्रोन उड़ाने पर प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

केंद्रीय जेल की सुरक्षा को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी संजय अग्रवाल ने केंद्रीय जेल परिसर तथा उसकी परिधि से 500 मीटर की सीमा तक के क्षेत्र को तत्काल प्रभाव से आगामी आदेश तक नो-फ्लाई जोन घोषित कर दिया है।

इस क्षेत्र में किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था द्वारा ड्रोन संचालन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। कलेक्टर की ओर से जारी आदेश के अनुसार केंद्रीय जेल एक अत्यंत संवेदनशील एवं सुरक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण शासकीय संस्थान है। जेल परिसर एवं उसके आसपास अनाधिकृत ड्रोन संचालन से जेल सुरक्षा, बंदियों की निगरानी व्यवस्था तथा सार्वजनिक सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। यह कार्रवाई जेल प्रशासन के अनुरोध एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक की सहमति के आधार पर की गई है। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि विशेष परिस्थितियों में सक्षम

प्राधिकारी से पूर्व अनुमति प्राप्त होने पर ही ड्रोन संचालन की अनुमति दी जा सकेगी। बिना अनुमति ड्रोन उड़ाने अथवा आदेश का उल्लंघन करने पर संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। जारी निर्देशों के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बिलासपुर तथा केंद्रीय जेल अधीक्षक को आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है।

75.73 करोड़ में बनेगी कोनी-मोपका 13.4 किमी की सड़क

बिलासपुर। राज्य शासन ने बिलासपुर में कोनी सेंदरी-मोपका बायपास सड़क के लिए 75 करोड़ 73 लाख रुपए की निविदा को मंजूरी दे दी है। इस राशि से 13.40 किलोमीटर फोरलेन सीमेंट क्रांकीट सड़क का निर्माण किया जाएगा। उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री अरुण साव ने लोक निर्माण विभाग के बिलासपुर संभाग क्रमांक-1 के कार्यपालन अभियंता को अनुबंधित समयावधि में काम पूर्ण कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देते हुए मापदंडों के अनुरूप सड़क का निर्माण सुनिश्चित करने को कहा है। लोक निर्माण विभाग ने कार्यपालन अभियंता को अनुबंधित कार्य का संपादन और पर्यवेक्षण विभागीय मापदंडों के अनुसार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। यह कार्य किसी अन्य को सब-लेट नहीं किया जाएगा तथा कार्य संपादन के लिए पावर ऑफ अटॉर्नी मान्य नहीं होगी। राज्य शासन ने अनुबंध से पहले ठेकेदार से एपीएस की राशि का एफडीआर प्राप्त करने के निर्देश दिया है।

नशीली गोलियों के साथ युवक गिरफ्तार

बिलासपुर। रतनपुर पुलिस ने प्रतिबंधित नशीली टेबलेट बेचने की फिराक में घूम रहे एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 57 हजार 200 रूपए कीमत की 13 नग नाइट्राजेपम प्रतिबंधित टैबलेट जब्त की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मुखबिर की सूचना से भैरव बाबा मंदिर के पास स्थित पुष्प वाटिका के पास एक व्यक्ति नशीली टैबलेट बेचने के लिए ग्राहक खोज रहा है,मौके पर पुलिस ने रेड की और घेराबंदी कर युवक को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान नवीन कुमार बैसवाड़े 28 वर्ष निवासी उसराभाटा नेवसा के रूप में हुई है। रतनपुर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

बाइक में चाकू लहराकर घूमते युवक गिरफ्तार

बिलासपुर। बाइक में घूमकर चाकू लहराते हुए युवक को पुलिस ने पकड़ कर गिरफ्तार कर लिया है । चकरभाठा टीआई भावेश को सूचना मिली कि मुख्य मार्ग में एक युवक चाकू रखकर बाइक में घूमते हुए लहराकर लोगों को डरा धमका रहा है। पुलिस ने चकरभाठा विकास नगर निवासी राहुल रजक पिता दिनेश रजक 19 साल को पकड़ कर बटनदार चाकू बरामद किया है । पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152